सुविचार

चोरी, निंदा और झूठ, ये तीन बातें चरित्र को नष्ट करती हैं

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, रविवार 08 जून 2025 | वर्ष-13 अंक- 295 पृष्ठ - 08 मूल्य 3 रुपए


ब्रीफ न्यूज

## गोल्डी बराड़ के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हरियाणा के गुरुग्राम में दो क्लबों पर बम हमलों से संबंधित 2024 के मामले में नामित व्यक्तिगत आतंकवादी गोल्डी बराड़ सहित पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। जांच एजेंसी ने एक आधिकारिक बयान में इस बात की जानकारी दी है। एनआईए ने कनाडा निवासी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार, सचिन तालियान, अंकित, भाविश और अमेरिका निवासी रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूए(पी) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं। गोल्डी बराड़ और रणदीप मलिक को छोड़कर बाकी सभी को इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच एजेंसी ने आरोपियों को गुरुग्राम के सेक्टर-29 में वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब को बम से निशाना बनाने की साजिश में शामिल पाया था, जो कि बब्बर खालिस्तानी इंटरनेशनल (बीकेआई ) की बड़ी साजिश का हिस्सा था, ताकि हिंसा फैलाकर हरियाणा और पड़ोसी क्षेत्रों में सांप्रदायिक विद्वेष फैलाया जा सके और शांति भंग की जा सके।

## हाईवे पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**देहरादून।** रुद्रप्रयाग जनपद के बडासू क्षेत्र में केदारनाथ के लिए जा रहा एक हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के चलते अचानक सड़क पर लैंड हुआ। हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ धाम की ओर जा रहा था, लेकिन रास्ते में आपात स्थिति के कारण पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को बडासू के पास सुरक्षित सड़क पर उतारा। स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। क्रिस्टल एविएशन कंपनी का हेली बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर ने बड़ासु हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी और टेकऑफ होते ही इमरजेंसी लैंडिंग सड़क पर करनी पड़ी। हेलिकॉप्टर में पांच यात्री, पायलट और सह पायलट सवार थे। सह पायलट को हल्की चोट की सूचना है।

## केएससीए के सचिव-कोषाध्यक्ष का इस्तीफा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है। शंकर और जयराम ने संयुक्त बयान में कहा कि पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की वजह से हम यह बताना चाहते हैं कि हमने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, हमारी भूमिका बहुत सीमित थी।

## पायलट ने शिंदे का प्लेन उड़ाने से मना किया

**जलगांव।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे जलगांव के मुक्ताईनगर में संत मुक्ताई की पालकी यात्रा में शामिल होने गए थे। यहां से लौटते वक्त जलगांव एयरपोर्ट पर पायलट ने उनका चार्टर्ड प्लेन उड़ाने से इनकार कर दिया। पायलट ने कहा कि उसकी ड्यूटी के घंटे खत्म हो चुके हैं। ऐसे में वह उड़ान नहीं भर सकता है। पायलट की बात सुनकर वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने पायलट को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। शिंदे के साथ मंत्री गिरीश महाजन और गुलाबराव पाटिल ने एयरलाइन कंपनी से बात की और पायलट को स्थिति समझाई। करीब एक घंटे बाद एयरलाइन कंपनी के समझाने पर पायलट उड़ान भरने के लिए तैयार हुआ।

## अस्पताल में नवजात को कुत्ते खा गए

**महू।** महू के मध्य भारत अस्पताल के शौचालय में एक नवजात का क्षत-विक्षत शव मिला है। शरीर का आधा हिस्सा कुत्ते खा गए। मरीजों के परिजन सुबह शौचालय में पहुंचे, तब उन्हें शव दिखा। कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे की है। एक युवती ने अस्पताल के शौचालय में बच्ची को जन्म दिया और उसे वहीं छोड़कर चली गई।

# नक्सलियों को मौत की नींद सुलने वाले बहादुर सिपाही से मिलने को उत्सकू हूं: अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। शाह ने कहा कि वह सफल अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जवानों से मिलने जल्द ही छत्तीसगढ़ आएंगे। शाह ने कहा कि हाल ही में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से मुलाकात की और इन अभियानों की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। मैं उन जाबांज जवानों से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं जिन्होंने अपनी बहादुरी से इन अभियानों को सफल बनाया और जल्द ही छत्तीसगढ़ जाकर उनसे मिलूंगा।

दरअसल 6 जून को, मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नक्सलवाद को समाप्त करने के उद्देश्य से सफल अभियानों, आगे के रास्ते और राज्य के विकास पर चर्चा करने के लिए दिल्ली पहुंचे। अपने दौरे के दौरान, सीएम साय ने गृह मंत्री शाह और अभियानों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से भी मुलाकात की। एक महीने से भी कम समय में, दो नक्सल विरोधी अभियानों ने प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के दो शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। 5 जून को, अधिकारियों ने पुष्टि की कि एक शीर्ष नक्सल नेता सुधाकर (उर्फ गौतम) का शव मिला है। 21 मई को, तीन सप्ताह से भी कम समय पहले, बसव राजू का शव बरामद किया गया था। राजू केंद्रीय समिति पोलित ब्यूरो के सदस्य और सीपीआई (माओवादी) के महासचिव थे, जिन्हें व्यापक रूप से नक्सल आंदोलन की रीढ़ के रूप में जाना जाता है।

# अगले हफ्ते फ्रांस के दौरे पर जा रहे जयशंकर



**नई दिल्ली।** अगले हफ्ते भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर फ्रांस के दौरे पर जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में फ्रांस, भारत के साथ खड़ा होकर आतंकवाद के खिलाफ अभियान में मदद कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में राफेल विमानों ने आंतकियों के ठिकानों को बर्बाद करने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत, पश्चिमी देशों में अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है। साथ ही, पाकिस्तान की ओर से यूएनएससी में उठाने वाले मुद्दों को रोकने के लिए फ्रांस पर भी निर्भर है। वहीं फ्रांस दशकों से आतंकवाद के खिलाफ भारत का साथ दे रहा है। अब दोनों देशों के बीच रक्षा उद्योग में भी सहयोग बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्री जयशंकर अगले हफ्ते फ्रांस की यात्रा पर जा रहे है। फ्रांस भारत का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। फ्रांस, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की मदद करता है। अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर, फ्रांस के अधिकारियों से मिलने वाले है।

पहलगाम हमले से कुछ दिन पहले ही भारत में फ्रांस के दूतावास ने पोस्ट लिखकर यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता की मांग उठाई थी। फ्रांस ने कहा था, आज से फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मासिक अध्यक्षता संभाली है। इसका मतलब है कि फ्रांस अब वैश्विक शांति और सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर बातचीत का नेतृत्व करेगा। आज की दुनिया को देखते हुए यूएनएससी में बदलाव जरूरी है। भारत को भी सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलनी चाहिए। अपने दौरे के दौरान जयशंकर मार्सिले में भारत-फ्रांस ट्रैक 1.5 संवाद को भी संबोधित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के साथ मिलकर किया जा रहा है।

# उपराष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक, बिना अनुमति के महानगर अध्यक्ष की कार में एयरपोर्ट पहुंचे थे 3 नेता, जांच शुरू

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुरक्षा में चूक का मामला गरमाया हुआ है। इस मामले में बीजेपी के महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता फंस सकते हैं। उनकी गाड़ी में बैठकर तीन लोग बिना अनुमति के टेक्निकल एयरपोर्ट तक पहुंचे थे। तीनों ने बिना अनुमति के उपराष्टपति के स्वागत और विदाई के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। शिकायत के बाद सुरक्षा एजेंसियों की जांच में सामने आया है कि रोहित कत्याल, सोनू कक्कड़ और संजय अरोड़ा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता की कार में बैठकर एयरपोर्ट तक पहुंचे थे। उनकी गाड़ी के आगे सांसद नवीन जैन की गाड़ी थी।

बीजेपी नेताओं ने उपराष्टपति प्रोटोकॉल और कार्रवाई की परवाह नहीं की। बिना अनुमति के बगैर एयरपोर्ट तक पहुंचने में सफल हो गए। सुरक्षा घेरे में सेंध के मामले में अब तीनों भाजपा नेता मुश्किल में फंसते दिख रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने इस पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसे अब सरकार को भेजा जाएगा।



### 1 जून को था कार्यक्रम

आगरा के जीआईसी मैदान में 1 जून को महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी का कार्यक्रम आयोजित हुआ था। आयोजन में भाग लेने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर उपराष्टपति जगदीप धनखड़ आगरा आए थे। जिन लोगों को उपराष्ट्रपति के स्वागत और विदाई कार्यक्रम में शामिल होना था। उनकी सूची सचिवालय से तैयार की गई थी। लेकिन, उपराष्टपति की सुरक्षा में बड़ी लापरवाही हुई।

सूची में नाम न होने के बावजूद भी बीजेपी के तीन नेता सुरक्षा में सेंध मारते हुए टेक्निकल एयरपोर्ट तक जा पहुंचे थे। तीनों नेताओं ने जब अपना अपना फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया तो बवाल मच गया। एडीएम प्रोटोकॉल से मिलने वालों की सूची मांगी गई। रोहित कत्याल, सोनू कक्कड़ और संजय अरोड़ा तीनों के नाम उस सूची में नहीं थे।

प्रोटोकॉल ने एयरपोर्ट ऑथोरिटी से शिकायत की। जिसके जांच में सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो मामला खुला ये तीनों नेता बीजेपी महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता की कार में बैठकर एयरपोर्ट तक पहुंचे थे।

### माननीय ने की शिकायत

उपराष्टपति से मिलने वालों की सूची में 11 लोगों के नाम थे। इनमें कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल एयरपोर्ट पर नहीं पहुंचे थे। बिना अनुमति के बीजेपी के तीन नेताओं के पहुंचने पर जब उनके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो बीजेपी के ही एक माननीय ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की। उनकी शिकायत पर मामला तूल पकड़ गया, सचिवालय से जवाब तलब शुरू हो गए।

खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गईं। इधर कार्रवाई से बेखबर तीनों नेताओं को आशंका नहीं थी कि मामला इतना हाइलाइटेड हो जाएगा। सुरक्षा एजेंसियों की जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी उसके बाद कार्रवाई क्या होनी है यह देखने वाली बात होगी।

### पुलिस ने क्या कहा

**इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि एयरपोर्ट परिसर में पुलिस की भी नहीं चलती है। पुलिस की गाड़ियां भी बिना चेकिंग के प्रवेश नहीं करती हैं। बहरहाल इस मामले के बाद अब वीवीआईपी मूवमेंट पर निगरानी और सख्ती बढ़ जाएगी। एयरपोर्ट गेट से पहले ही पुलिस अपना चेकिंग बैरियर लगाएगी।**

# नेशनल पार्क इलाके में लगातार तीसरे दिन भी मुठभेड़, सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, दो और नक्सली ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ तीसरे दिन भी जारी रही। शनिवार को सुरक्षाबलों ने दो और नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया। घटनास्थल से ऑटोमैटिक हथियार और भारी मात्रा में गोलाबारूद भी बरामद किया गया है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले शुक्रवार, 6 जून को सुरक्षाबलों ने तेलंगाना राज्य समिति के शीर्ष नक्सली नेता भास्कर उर्फ मइलारापु अडेल्लू को मुठभेड़ में मार गिराया था। भास्कर सीपीआई (माओवादी) की तेलंगाना राज्य समिति के मंचेरियल-कोमरम भीम (स्व्यक्त) डिवीजन का सचिव था। उस पर 45 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के उरूमादला गांव का निवासी था और पार्टी की स्पेशल जोनल कमेटी (स्ंष्ट) का भी सदस्य था। इसी अभियान के तहत 5 जून को केंद्रीय समिति के सदस्य और शीर्ष नक्सली नेता गौतम उर्फ सुधाकर को भी ढेर किया गया था। उसके पास से भी एक्र्च-47 राइफल और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। सुधाकर पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। अब तक इस अभियान में सुरक्षाबलों ने कुल चार नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है, जिनमें दो शीर्ष स्तर के कमांडर शामिल हैं। ऑपरेशन में मिली इन सफलताओं से सुरक्षाबलों का मनोबल उच्च हुआ है, वहीं नक्सल संगठन को गंभीर रणनीतिक झटका लगा है।

# भारत में कोविड मामलों में फिर उछाल, एक्टिव केस 5 हजार के पार, केरल सबसे प्रभावित राज्य

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में एक बार फिर तेज़ बढ़ोतरी देखी जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में सक्रिय कोविड मामलों की संख्या बढ़कर 5,364 हो गई है, जो पिछले दिन की तुलना में लगभग 500 अधिक है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में चार नई मौतों की भी पुष्टि की गई है। केरल एक बार फिर सबसे अधिक प्रभावित राज्य बनकर सामने आया है, जहां वर्तमान में 1,679 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं। इसके बाद गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596 और दिल्ली में 592 सक्रिय मामले हैं। पिछले 24 घंटों में केरल में दो मौतें दर्ज की गईं, जबकि कर्नाटक और पंजाब में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु कोविड के चलते हुई है।

कोविड मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दिशा निर्देश जारी किए हैं कि वे ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि अधिकतर मामलों में लक्षण हल्के होते हैं और मरीजों को घर पर ही इलाज दिया जा रहा है। हालांकि संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए केंद्र सरकार मॉक ड्रिल के जरिए अस्पतालों की तैयारियों की समीक्षा कर रही है।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में 2 और 3 जून को तकनीकी समीक्षा बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी, जिनमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) और दिल्ली स्थित केंद्र सरकार के अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इन बैठकों में मौजूदा स्थिति की गंभीरता और तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।

मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी कि देशभर में आईएलआई (इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी) और एसएआरआई (गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण) के मामलों पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## यूक्रेन में रूस ने फिर मचाई तबाही, ड्रोन और मिसाइलों से किया धुआं-धुआं

**कीव। यूक्रेन के भयानक ड्रोन हमले के बाद रूस की जवाबी कार्रवाई लगातार जारी है। रूस ने शनिवार को यूक्रेन के पूर्वी शहर खारकीव पर एक भीषण ड्रोन और मिसाइल हमला किया, जिसमें कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए। यूक्रेनी स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। यह हमला रूस की ओर से यूक्रेन पर हो रहे लगातार और व्यापक हमलों की कड़ी में एक और खतरनाक कदम है। खारकीव के मेयर इगोर टेरेखोव ने बताया कि हमले में 18 बहुमंजिला इमारतें और 13 निजी मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रूस ने इस हमले में 48 शहीद ड्रोन, 2 मिसाइलें और 4 एरियल ग्लाइड बम का इस्तेमाल किया।**

## राजस्थान में गुर्जर आंदोलन की फिर से आहट

**भरतपुर।** राजस्थान में गुर्जर आंदोलन की फिर से आहट हो रही है। सरकारी नौकरियों में 5 प्रतिशत आरक्षण के पूरे लाभ सहित कई मांगों को लेकर 8 जून को भरतपुर के पीलूपुरा में महापंचायत का ऐलान किया गया है। महापंचायत की तैयारियों को लेकर शनिवार को गाजीपुर (दौसा) में मीटिंग होगी। इसमें गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम भी शामिल होंगे। मंत्री ने कहा कि मैं संघर्ष समिति और समाज के लोगों से बात करूंगा। यह बात टेबल पर होनी चाहिए। अगर कोई खामियां थीं तो उन्हें सरकार को बताना चाहिए था। वहीं, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने कहा कि 17 साल के संघर्ष में उन्हें दो ही चीजें मिली हैं। बाकी सभी मांगें अधूरी हैं। महापंचायत को लेकर समाज एकजुट है।

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति रविवार की महापंचायत को सफल बनाने की कोशिशों में जुटी है।

# सड़क पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, सवार यात्री सुरक्षित

**देहरादून।** उत्तराखंड में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। यहां सड़क पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। जिस समय में ये लैंडिंग हुई तब हेलीकॉप्टर में कुछ लोग सवार थे। हालांकि वे सभी सुरक्षित है और पायलट को मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा हैं कि हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ जा रहा था। तभी हाईवे पर इसकी इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें श्रद्धालु बाल-बाल बच गए।



सड़क पर इमरजेंसी लैंडिंग के बाद हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा कार पर गिर गया इससे कार क्षतिग्रस्त हुई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। ये लैंडिंग तकनीकी खराबी के चलते करानी पड़ी। उत्तराखंड के एडीजी कानून व्यवस्था ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले के गुप्तकाशी में एक निजी हेलीकॉप्टर को तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

» न्यूज कैप्सूल »

## राजस्व निरीक्षक के खिलाफ तिंदवारी थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

### जमीन पैमाइश कराने के नाम पर राजस्व निरीक्षक ने मांगी थी घूस

**बांदा।** एंटी करप्शन टीम ने राजस्व निरीक्षक लाला भइया वर्मा को पैमाइश के नाम पर 8हजार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई से तहसील में ह?कंप मचा रहा।बबेरू तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने राजस्व निरीक्षक लाला भइया को 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ तिंदवारी थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कमासिन थाना के धौंसड़ नारायणपुर गांव निवासी अवधेश पुत्र राधेश्याम ने अपनी भूमिधरी जमीन की पैमाइश के लिए एसडीएम सदर को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र दिया था। एसडीएम ने इस पर कार्रवाई करते हुए भूमि की पैमाइश का आदेश जारी किया। आरोप है कि इस प्रक्रिया के बदले राजस्व निरीक्षक लाला भइया ने अवधेश से 18 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। अवधेश ने रिश्वतखोरी की शिकायत एंटी करप्शन संगठन से की थी। शिकायत की गुप्त जांच के बाद इसे सही पाया गया, जिसके बाद शुक्रवार को ट्रैप की योजना बनाई गई। एंटी करप्शन टीम, जिसमें निरीक्षक राकेश सिंह निरीक्षक श्याम बाबू निरीक्षक जाकिर हुसैन आरक्षी देवेंद्र प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह , नितिन कंचन ,चंद्रपाल सिंह ,शारदा प्रसाद ने घूस लेते हुए पकड़ लिया। राजा भइया मूल रूप से बिलबई के कलेक्टर पुरवा देहात कोतवाली का निवासी है। इस कार्रवाई के बाद तहसील के राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। इंस्पेक्टर सुरेश सैनी ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## डीसीए रेड टीम ने जीता त्रिकोणीय सीरीज का दूसरा मैच



**बांदा।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही त्रिकोणीय सीरीज का दूसरा मैच शनिवार को पुलिस लाइन ग्राउंड में डीसीए रेड और पुलिस क्लब के मध्य खेला गया। इसमें डीसीए रेड के कप्तान ज्ञान यादव ने टास जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवरों में पुलिस क्लब की टीम 137 रन 5 विकेट खोकर बनाने में सफल रही। पुलिस क्लब की तरफ से बल्लेबाज़ पवन ने सर्वाधिक 75 रन और विक्रम ने 17 रन बनाए डीसीए रेड की तरफ से शुभम् दुबे ने 2 विकेट लिए। वहीं जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी डीसीए रेड के रविकुमार गिल्लू 50 रन और पौरुष 28 रन की पारी की बदौलत निर्धारित 137 रनों के लक्ष्य को 18 ओवरों 5 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया पुलिस क्लब की तरफ से गेंदबाज सुशील ने 2 विकेट प्राप्त किए। इस तरह से आज के मैच डीसीए रेड 5 विकेट से विजेता रही। मैच में सचिव वासिफ जमा खां, शिवप्रताप सिंह, महेंद्र सिंह कछवाह, महेश साहिल, राजेन्द्र अवस्थी, विनय श्रीवास्तव, धनंजय करवरिया, मनोज मिश्रा,मानस त्रिपाठी,अन्नू, सुप्रीत संजय मिश्रा, ओपी जी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सुदामा चरित्र कथा के साथ हुआ समापन,

### भागवत कथा ज्ञान का ही नहीं, आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम

**जसपुरा।** ब्लाक जसपुरा क्षेत्र के ग्राम सिकहुला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का समापन शनिवार को दिव्य भावों के साथ हुआ। अंतिम दिवस की कथा में प्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित विनोद शुक्ल %शास्त्री व्यास% जी ने श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र, भगवान के 12 अवतारों की कथा और महाराज परीक्षित के मोक्ष प्राप्ति प्रसंग का अमृतमयी वर्णन किया। जैसे ही कथा में कृष्ण-सुदामा मिलन प्रसंग आया, श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कथा स्थल भक्ति-भाव, भजन और मंत्रोच्चारण से गुंजायमान रहा। व्यासपीठ से पंडित विनोद शुक्ल जी ने कहा कि 卐भागवत कथा केवल ज्ञान का ही नहीं, आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम भी है। कथा का आयोजन अमर सिंह द्वारा कराया गया था। कथा परीक्षित की भूमिका रामनरेश सिंह चौहान ने सपत्नीक निभाई। आयोजन में प्रमुख रूप से मिर्चीलाल सिंह, ललिता सिंह, हंसराज सिंह, भाजपा नेता राकेश सिंह चौहान (जसपुरा), मलखान सिंह, चंद्रशेखर सिंह वकील, ऊदल सिंह, रामपाल सिंह, बृंदावन पाल, रामखेलावन पाल, ठाकुरदीन यादव, गुरुदेव सिंह, कालीचरण पाल, राकेश सिंह, रामदीन निषाद, लालबाबू मिश्रा (समाजसेवी), योगिता मिश्रा, कैलाश सिंह, शिवनारायण सिंह, चमन सिंह और विंदगोपाल यादव समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ईद-उल-अजहा की नमाज में मांगी मुल्क के अमन-चैन की दुआ

### ईदगाह और जामा मस्जिद के साथ शहर की सभी मस्जिदों में अदा की गई नमाज

### नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर दी मुबारकबाद, खुश नजर आए बच्चे

### सुरक्षा के लिहाज से चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, ड्रोन से हुई निगरानी

### प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी शुभकामनाएं दीं






**बांदा।** ई-उल-अजहा के मौके पर शनिवार को शहर के ईदगाह और नवाबी जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में शांति और सौहार्द के साथ नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान मुस्लिम भाइयों ने मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद सभी मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और फिर कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। सुरक्षा के लिहाज से चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई थी, इसके साथ ही ड्रोन से भी निगरानी की गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भी ईद की मुबारकबाद दी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद-उल-अजहा का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। पुलिस लगातार निगहबानी करती रही। इधर, नमाजियों की संख्या अधिक होने के कारण पेश इमामों ने तीन अलग-अलग समय पर नमाज अदा कराई।

शहर की सभी मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज के बाद मौलानाओं ने नमाज और तकरीर का आयोजन किया। इस दौरान कुर्बानियों का महत्व समझाया गया। उन्होंने मुस्लिम समाज को बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही स्वच्छता और एकता पर जोर दिया। नमाज की पाबंदी और हलाल कमाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। बकरीद की नमाज के बाद विशेष दुआ की गई। इसमें देश की शांति, तरक्की और मुसलमानों की उन्नति के लिए भी दुआ की गई। कारोबार में वृद्धि, बीमारों के स्वास्थ्य लाभ और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए भी दुआ मांगी गई। मालूम हो कि शहर के ईदगाह और नवाबी जामा मस्जिद के अलावा सभी मस्जिदों में नियत किए गए समय पर मुस्लिम भाई पहुंचे और ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। शांति और सौहार्द के साथ एक-दूसरे के गले मिले और बकरीद की मुबारकबाद दी। शहर में रब्बानिया मस्जिद, शेख सरवर साहब मस्जिद, मरकज मस्जिद, पीर वाली मस्जिद और गौसिया मस्जिद आदि में तयशुदा समय पर नमाज अदा की गई। इसके बाद कुर्बानियों का सिलसिला शुरू हुआ। शाम के समय लोग एक-दूसरे के घर पहुंचे और गले मिलकर मुबारकबाद दी। इधर, सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन ने बकरीद के एक दिन पूर्व ही खाका खींच लिया था। ईदगाह, नवाबी जामा मस्जिद के अलावा शहर की सभी मस्जिदों में पुलिस तैनात की गई थी। अतर्रा में ईदगाह और नवाबी जामा मस्जिद आदि में ड्रोन कैमरों से निगेहबानी की गई। बकरीद (ईद-उल-अजहा) के पर्व पर कस्बे में खुशी और उल्लास का माहौल रहा। पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रही। शनिवार को सुबह 6ः30 बजे नरैनी रोड स्थित मुख्य ईदगाह में हाफिज इमरान ने नमाज अदा कराई। इसके बाद 6ः45 बजे जरुहा चौकी की मस्जिद में हाफिज इमाम अली और 7ः30 बजे बदौसा रोड की जामा मस्जिद में हाफिज इमरान अली ने नमाज पढ़ाई। इसके अतिरिक्त राजनगर, बल्दू का पुरवा और बिसंडा रोड की मस्जिदों में भी सामूहिक नमाज अदा की गई। नमाज के बाद हाजी शाकिर अली, मुबारक अली, इम्तियाज अली, नासिर अली, वजीर अली, राजू खान, जाहिद अली सहित दो सैकड़ा से अधिक लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की मुबारकबाद दी। सीओ प्रवीण कुमार व एसडीएम राहुल द्विवेदी ने भी मुस्लिम समाज को बधाई दी। कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे। कांग्रेस व सपा के नेताओं ने भी लोगों को गले मिलकर शुभकामनाएं दीं।

### डीआईजी, डीएम और एसपी ने किया शहर भ्रमण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**बांदा।** ईद-उल-अजहा के दिन शनिवार को डीआईजी राजेश एस., जिलाधिकार जे.रीभा और एसपी पलाश बंसल ने शहर का भ्रमण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से बातचीत करते हुए सौहार्द और शांति के साथ त्योहार मनाए जाने की अपील की। साथ ही मुस्लिम भाइयों को ईद-उल-अजहा पर्व की बधाई दी। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण मनाए जाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ड्रोन कैमरों के जरिए निगरानी किए जाने के निर्देश मातहतों को दिए गए। सोशल मीडिया पर भी साइबर पुलिस लगातार निगाह रखे हुए है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बदौसा में अकीदत के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा पर्व

**बदौसा।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। मुस्लिम भाइयों ने ने नए कपड़े पहनकर विशेष नमाज अदा की।

बदौसा की जामा मस्जिद के साथ निजामी नगर, बरकतपुर और दतौरा समेत कस्बे की अन्य मस्जिदों में भी नमाज का आयोजन हुआ। पेश इमाम ने खुतबे में कुर्बानी का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि कुर्बानी केवल जानवर की नहीं, बल्कि आंतरिक बुराइयों को त्यागने का प्रतीक है। त्योहार से एक दिन पहले बाजारों में विशेष रौनक दिखी। मस्जिदों के आसपास विशेष साफ-सफाई की गई। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। कस्बे और आसपास के मुस्लिम बाहुल्य गांवों में पुलिस बल तैनात रहा। जिससे ईद उल अजहा का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान लोगों ने देश में अमन-चैन, भाईचारे और तरक्की की दुआएं मांगी।

### जसपुरा क्षेत्र में भी रही शांति, मनाया गया बकरीद पर्व

**जसपुरा।** जसपुरा क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का त्योहार ग्राम रामपुर,सिकहुला समेत आसपास के इलाकों में पूरे हर्षोल्लास, शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। शनिवार सुबह जगनताला के पास स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद मुल्क की सलामती, अमन और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई।नमाज के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई। इस मौके पर पेश इमाम समद अली, कारी अब्दुल मोबीन, हाफिज इरफान, हाफिज साबिर खान, रहमत शेख, आतिफ खान, अफ्तर रजा, मोहम्मद जैद खान समेत सैकड़ों नमाजी मौजूद रहे।इसी तरह सिकहुला, महबरा, सबादा, आदरी सहित अन्य गांवों में भी नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। सभी जगहों पर त्योहार को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। जसपुरा थाने की प्रभारी निरीक्षक अनुपमा तिवारी खुद मौके पर पुलिस टीम के साथ मौजूद रहीं और लगातार क्षेत्र में गश्त करती रहीं। उन्होंने नमाज स्थल और आसपास के इलाकों की निगरानी कर सुरक्षा का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने लोगों से संवाद कर शांति बनाए रखने की अपील की। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का संकल्प दोहराया। भाईचारे की बनी मिसाल ,गांवों में हिंदू-मुस्लिम सभी समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को त्योहार की बधाई दी। बच्चों में खासा उत्साह दिखा और बुजुर्गों ने परंपरा अनुसार घर-घर जाकर ईद की शुभकामनाएं दीं।

### बबेरू में भी अदा कराई गई नमाज

**बबेरू।** कस्बे के जामा मस्जिद पर ईद उल अजहा बकरीद की नमाज अदा कर देश में अमन चैन की मांगी दुआ, पुलिस बल रहा मौजूद रहा। कस्बे के पुरानी तहसील रोड जामा मस्जिद में शनिवार की सुबह करीब 8ः00 बजे ईद उल अजहा बकरीद की नमाज हजारों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने अदा किया, और देश में अमन चैन की दुआ मांगी है, कि हमारा देश तरक्की करें और आगे बढ़ता रहे। काजी हाफिज एतबार अली ने ईद उल अजहा बकरीद की नमाज जमा मस्जिद पर अदा की गई, जिसमें हजारों की संख्या में बबेरू कस्बे व आसपास के गांव के लोग नमाज में मौजूद रहे। और देश में तरक्की और अमन चयन की दुआ मांगी गई है। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जमा मस्जिद के बाहर निकले और एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दिया है। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव शौर्य प्रताप सिंह, छेदीलाल गुप्ता केके महंत अखिलेश द्वारा मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दिया है। इसी तरह हरदौली, पतवन, औगासी, सिमौनी, काजी टोला गौरी खानपुर ,आलमपुर बगेहटा मरका, परसौली सहित क्षेत्रो मे ईद की नमाज अदा की गई। इस मौके परतहसीलदार लखन लाल राजपूत, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत, क्राइम इंस्पेक्टर शिव शंकर यादव, कस्बा इंचार्ज जयचंद्र सिंह, सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## चार तस्करों को पुलिस ने दबोचा, 35 किलो आठ सौ ग्राम गांजा बरामद

### खैरार जंक्शन रेलवे क्रासिंग के पास चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली सफलता

### उड़ीसा से बिहार और मध्य प्रदेश के रास्ते करते थे सूखे गांजा की तस्करी




**बांदा।** नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार हाथ-पैर मार रही है। शुक्रवार की रात को खैरार जंक्शन रेलवे क्रासिंग के पास चेकिंग के दौरान चार लोगों को पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में देखते हुए उनसे पूछतांछ की। वह चारों गांजा तस्कर निकले। उनके पास से 25 किलो 800 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ है। पुलिस का दावा है कि चारो तस्कर काफी समय से गांजा की तस्करी करने के साथ ही जनपद समेत पड़ोसी जिलों में गांजा की बिक्री करते थे।

अपराध व पराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन ईगल के तहत थाना मटौंध पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करों को खैरार रेलवे क्रासिंग के पास से किया गया गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि शुक्रवार की रात थाना मटौंध पुलिस गश्त व संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग पर थी। चेकिंग के दौरान रेलवे खैरार जंक्शन क्रासिंग के पास से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम सोना रतन राणा पुत्र नाटो राणा निवासी बालखम्भा थाना तरभा जनपद सोनपुर उड़ीसा, शिवप्रसाद राणा पुत्र जागेश्वर राणा निवासी मेंडा थाना तरभा जनपद सोनपुर उड़ीसा, विशेषण राणा पुत्र लेहरू राणा निवासी बडमुंडा थाना तरभा जनपद सोनपुर उड़ीसा और अलखराम कुशवाहा पुत्र रघुवीर ककुशवाहा निवासी परछट थाना मौदहा जनपद हमीरपुर बताया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी मटौंध संदीप कुमार सिंह, उप निरीक्षक मनीष कुमार शर्मा, महिला उप निरीक्षक सृष्टि नगायच, कांस्टेबल आदित्य अवस्थी व कृष्णकांत शामिल रहे।

## कांग्रेस ने कैंप लगाकर किया इस्तकबाल, मुबारकबाद दी

**बांदा।** शनिवार को ईद उल अजहा त्यौहार के मुबारक मौके पर जिला कांग्रेस जनों ने बाबूलाल चौराहा में नमाजियों का स्वागत, इस्तकबाल किया और मुबारकबाद दी। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि 卐ईद उल अजहा का यह पवित्र त्यौहार हमें एकता, मिल्लत, भाईचारा एवं सौहार्द, प्रेम का संदेश देता है, हमें सामाजिक समरसता सद्भाव के लिए समाज में मिलकर कार्य करना है तथा विरासत में मिली हमारी बांदा की एकता, सद्भावना जो बेमिसाल है इसे मिलकर बनाए रखना है, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना है। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बकरीद के इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में ईदगाह के निकट कांग्रेसियों ने पंडाल लगाकर मुस्लिम भाइयों को ठंडा, मीठा रुआफजा शरबत और ठंडे पानी का वितरण किया, इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस जन मुस्लिम भाइयों की सेवा में लगे रहे। इस मौके पर कांग्रेस जन् जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पीसीसी सदस्य मुमताज अली, पूर्व पीसीसी बी लाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, डॉ संजय द्विवेदी दनादन, राज बहादुर गुप्ता, अरशद अल्वी आदि प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## श्रीराम कथा में राम वनगमन व केवट प्रसंग सुनकर श्रोताओं की नम हुई आंखें

### रामकथा सुनकर भक्ति भाव से सराबोर हुए महिला-पुरुष श्रद्धालु

**बांदा।** सदर तहसील क्षेत्र के मोहनपुरवा गांव स्थित छिवलहाधाम मंदिर में नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ और श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास ने राम वनगमन व केवट प्रसंग का वर्णन किया। रामकथा में मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा व्यास ने कहा कि भगवान राम मर्यादा स्थापित करने को मानव शरीर में अवतरित हुए। पिता की आज्ञा पर वह वन चले गए।

छिवलहाधाम मंदिर से नौ दिवसीय श्रीराम कथा व विष्णु महायज्ञ के सातवें दिन शुक्रवार को कथा व्यास पं.जग प्रसाद तिवारी (महोबा) ने राम वनगमन और केवट प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। कहा कि भगवान राम मर्यादा स्थापित करने को मानव शरीर में अवतरित हुए। पिता की आज्ञा पर वह वन चले गए। भगवान राम वन जाने के लिए गंगा घाट पर खड़े होकर केवट से नाव लाने को कहते हैं, लेकिन केवट मना कर देता है और पहले पैर पखारने की बात कहता है। केवट भगवान का पैर धुले बगैर नाव में बैठाने को तैयार नहीं होता है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श समाज में आज भी कायम है। भगवान प्रेम भाव देने वाले का हमेशा कल्याण करते हैं। कहा कि भरत ने भगवान राम के वनवास जाने के बाद खड़ाऊं को सिर पर रखकर राजभोग की बजाय तपस्या की। कहा कि जीवन में भक्ति और उपासना का अलग महत्व है। निष्काम भाव से भक्ति करने वाले की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

## खप्टिहा कस्बे में सद्गुरु सेवा संघ की ओर से हुआ आयोजन

### भंडारे में हजारों श्रद्धालओं ने छका प्रसाद



**पैलानी।** पैलानी तहसील के खप्टिहा कलां कस्बे में शनिवार को सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें खप्टिहा कलां कस्बे सहित क्षेत्र के अलोना, सांडी, खैरेई, पपरेंदा, निवाईच, रेंहुटा, पिपरहरी, अमलोर, सेमरा डेरा, छनीहा डेरा, शिवपाल डेरा, सहित दर्जनों गांव के लोगों ने आज कस्बे के बस स्टैंड में स्थित मैदान में विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कस्बे के बजरंग दल के प्रभाकर सिंह चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया की परमहंस श्री रणछोड़ दास महाराज जी के सबसे प्रिय तथा गुरु भाई कहे जाने वाले गांव हस्तम, सरैंया, पपरेंदा में हुए भंडारे के बाद यह महाराज जी के शिष्य कहे जाने वाले कस्बे में पांचवा भंडारा आज आयोजित किया गया है जिसमें श्रद्धालु भक्तों ने आज प्रसाद ग्रहण किया यह भंडारा 40 कुंतल का बताया गया है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने आज प्रसाद ग्रहण किया।इस कार्यक्रम में चित्रकूट जानकी कुंड के ट्रस्टी डॉक्टर बीके जैन को राष्ट्रपतिद्वारा अंध निवारण क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जाने पर पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर गुरु भाइयों ने उनका स्वागत भी किया। इस विशाल भंडारे में प्रमुख रूप से प्रवीण भाई बसाठी, डॉ बीके जैन, प्रफूला बेन , आनंद बाजपेई, बृजभूषण सिंह, हरि भजन गुप्त,, ग्राम प्रधान मैंना देवी, ऋषि जैन, श्रीमती उषा जैन के अलावा समस्त ग्राम के ग्रामवासी व गुरु भाई इस विशाल भंडारे में शामिल हुए।

## » न्यूज कैप्सूल »

### युवक द्वारा पुत्री को भगाकर ले जाने का मामला दर्ज

**मऊरानीपुर।** पुत्री को बहला फुसलाकर युवक द्वारा भाग कर ले जाने एवं विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार धवाकर मऊरानीपुर निवासी महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 5 जून को दोपहर 12:00 बजे मैं घर के कमरे में काम कर रही थी और इस उसकी पुत्री बाहर वाले कमरे में बैठी थी तभी ग्राम असाटी जिला निवाड़ी मध्य प्रदेश निवासी नरेंद्र आया और उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया घर परिवार में शादी थी जिसके लिए 60000 व सोने चांदी के जेवरात लेकर गई जब इस बात का उल्लाहन उसके पिता रामदयाल व उसकी मां कुसमा से की तो उक्त तीनों लोगों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### पॉलिसी के नाम पर 15000 हड़पे

**मऊरानीपुर।** पॉलिसी के नाम पर रुपए हड़प लेने की शिकायत पीड़ित ने प्रशासन से की जानकारी के अनुसार ग्राम स्यावरी निवासी मधुर माधव ने उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि किसान संगठन के पदाधिकारी ने अपनी निजी खाते में नगद ?15000 जमा करवाए थे और उसने कहा था कि कंपनी 3 माह के अंदर पॉलिसी के तहत ?24000 का भुगतान करेगी विश्वास में आकर रुपए खाते में जमा कर दिए और समय पूरा होने के बाद जब मैने रुपए वापस मांगे तो उसने देने से मना कर दिया पत्र में पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से रुपए वापस दिलाए जाने की मांग की है।

### दिव्यांग वृद्ध महिला के साथ की मारपीट

**मऊरानीपुर।** मंदिर जा रही वृद्ध महिला के साथ मारपीट करने की शिकायत पुलिस से की जानकारी के अनुसार ग्राम भदरवारा निवासी कुलदीप ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी मां मानसिक रूप से अस्वस्थ है एवं दिव्यांग है सुबह 9:00 बजे घर से मंदिर जा रही थी तभी गांव के ही दो लोगों ने रास्ते में रोक कर मारपीट कर दी जिससे वह घायल हो गई पुलिस से उक्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### मजदूरी के पैसे मांगने पर धमकाया

**मऊरानीपुर।** मजदूरी के पैसे मांगने पर धमकाने की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की जानकारी के अनुसार ग्राम चुरारा निवासी बृजपाल ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह शटरिंग लगने का काम करता है और सात माह पूर्व में पावर हाउस के पास गुरसरांय रोड पर एक व्यक्ति के घर पर शटरिंग लगाई थी और मजदूरी के पैसे एक माह में देने के लिए कहा था लेकिन जब सात माह बीत गए और उसने पैसे नहीं दिए तो उसके घर पर मजदूरी के लिए पैसे मांगने गया तो उसने गाली गलौज करते हुए पैसे देने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी पीड़ित मजदूर ने पुलिस से मजदूरी के पैसे दिलाए जाने की मांग की है।

### प्रीमियम राशि जमा का न करने पर दुकानों का आवांण्टन निरस्त किया

**मऊरानीपुर।** मंडी समिति के सुपर मार्केट के एक दर्जन दुकानदारों का आवांण्टन निरस्त कर दिया गया जानकारी के अनुसार मंडी सचिव बबलू लाल ने बताया कि मंडी समिति द्वारा सुपर मार्केट में दुकानें बनाई गई थी जिसकी प्रीमियम धनराशि दुकानदार काफी लंबे समय से जमा नहीं कर रहे हैं जिसके चलते यह कार्रवाई की गई उन्होंने बताया कि अभी ऐसे और बकायेदार हैं जिनके द्वारा प्रीमियम राशि जमा नहीं की जा रही है और निरस्त की गई दुकानों में ग्राम बरियन पलेरा मध्य प्रदेश निवासी राकेश यादव ,महेंद्र प्रताप सिंह नई बस्ती मऊरानीपुर, निवासी रिजवान, इमरान राकेश सिंह शाहिद शरीफ ,मुरार ग्वालियर मध्य प्रदेश निवासी हासिम बेग गांधीगंज मऊरानीपुर निवासी शफक्कत अली शकील अली पाठकपुरा मऊरानीपुर निवासी कल्याण सिंह कटरा मऊरानीपुर आशीष नायक अल्याई मऊरानीपुर विजय अग्रवाल की दुकानों का आवांण्टन निरस्त कर दिए गए हैं।

# इज्जत के लिए नहीं, इबादत के लिए कराएं कुर्बानी



**उरई।** अल्लाह को हजरत इब्राहिम का जज्बा बेहद पसंद आया और उसने उनकी कुर्बानी को कुबूल किया। इसी तरह कुर्बानी में दिखावा नहीं करना चाहिए। बल्कि अपने दिल के करीब रहने वाली चीज को दूसरों की बेहतरी के लिए अल्लाह की राह में कुर्बान करना चाहिए। क्योंकि जो अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी देना, उसे यकीनन अल्लाह की रजा हासिल होगी। उक्त बात इदुल अजहा (बकरीद) की नमाज के दौरान शहर की करसान रोड स्थित सुन्नी ईदगाह में शाही इमाम हाफिज फिरोज अली रहमानी ने कही। उन्होंने कहा कि कुर्बानी इज्जत के लिए नहीं बल्कि इबादत समझकर करानी चाहिए। इसमें दिखाबा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। क्योंकि अल्लाह हर किसी के दिलों का हाल जानता है,और समझता है। कुर्बानी के पीछे बंदे की नियत क्या है। शाही इमाम ने कहा कि हैसियत होते हुए भी कुर्बानी न कराना गुनाहगार बनाता है। लेकिन अगर कोई कर्जदार है, तो उसके लिए कुर्बानी का हुक्म नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कुर्बानी से जु?ी और भी तमाम बातों को बखूबी समझाया। इसके बाद शाही इमाम ने इदुल अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क की तरक्की और बेहतरी की दुआ की गई। काजी-ए-शहर शकील बेग रहमानी ने बताया कि इदुल अजहा (बकरीद) पर शहर की करसान रोड स्थित सुन्नी ईदगाह में शाही इमाम हाफिज फिरोज अली रहमानी, ब?ी मस्जिद में कारी हसन, क्लब की मस्जिद में सदर इमाम जमील अहमद कादरी, नबी की मस्जिद में शहर इमाम हाफिज मंजूर बरकाती, कुरैशियान मस्जिद में हाफिज आमिर, बघौरा बाली मस्जिद में हाफिज अजीज कादरी, नीलबरी मस्जिद में हाफिज फजले अजीम, स्टेशन वाली मस्जिद में धर्मगुरु हाफिज अब्दुल जब्बार, लहरिया पुरवा मस्जिद में हाफिज गुलाब हुसैन, नूरानी मस्जिद में कारी मुस्तकीम, दादुपुरा जामा मस्जिद में हाफिज यूसुफ कादरी, जयसवाल टावर के पीछे सुन्नी हन?ी फैजान मुस्तफा मस्जिद में हाफिज अब्दुल रशीद ने नमाज अदा कराई। वही दूसरी और देववंद अकायत में रामनगर स्थित ईदगाह में मो. मिया नदवी, बजरिया रोड स्थित जामा मस्जिद में मु?्ती मु. तल्हा, तिलक नगर स्थित पीरो वाली मस्जिद में मौलाना अब्दुल खालिक, मदरसा अबूबकर सिद्दीक में मौलाना जैद, मदरसा मुमताजुल उलूम रहमानी में मौलाना ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा शिया समुदाय की बल्लभ नगर स्थित मस्जिद में मौलाना अकबर अली ने इदुल अजहा की नमाज अदा कराकर मुल्क में अमन चौन कायम रहने की दुआएं की। इदुल अजहा (बकरीद) पर शहर में सपा, बसपा और कांग्रेस के राजनैतिक दलों के लोगो ने ईदगाह के बाहर कैंप लगाकर नमाजियों को गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि बिजय चौधरी ने कहा कि हमेशा से हमारे त्योहारों पर मुस्लिम समुदायो के लोगो ने पहुंचकर बधाई दी है। इसलिए हमेशा कि परम्परा को जारी रखते हुए मुस्लिम समुदायो के लोगो को ईदगाहो पर पहुंचकर गले मिलकर बधाई देने का काम कर रहे है। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर अपने दर्जनों पदाधिकारियो के साथ मिलकर ईदगाह पर कैंप लगाकर मुस्लिम समुदायो के लोगो को इदुल अजहा (बकरीद) की बधाई देते हुये कहा कि हमारे जिले में हमेशा गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल कायम रही है। इसी गंगा जमुना तहजीब का आज सपा के लोगो ने आगे ब?ाने का काम किया, और दर्जनों सपाइयो ने मुस्लिम समुदाय के लोगो से गले मिलकर बधाई दी है। इस मौके पर महेश द्विवेदी सर, वीरेंद्र यादव, ज्ञानू निरंजन, सुनील पाल, बेद यादब, महेश शिरोमणि, विवेक यादव, धीरेन्द्र सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार बसपा से पूर्व जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी, शैलेन्द्र शिरोमणि, मनोज यागिक आदि लोगो ने भी पहुंचकर बधाई दी।

### सतर्क रहा जिला प्रशासन, ड्रोन कैमरे की रही नजर

**उरई।** शहर में इदुल अजहा (बकरीद) को लेकर किसी तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखाई दिया। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने सुबह ही जिले की रामनगर एवं करसान रोड पहुंचकर ईदगाहो व जिले की प्रमुख मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा सीओ सदर अर्चना सिंह, सदर कोतवाल अरुण कुमार राय ने संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की। इसके अलावा खुफिया पुलिस भी ड्रोन व बाडी कैमरों से जिले भर मे नजर बनाये रही । साथ ही खुफिया पुलिस के अधिकारी पल पल की जानकारी अपने अपने आला अधिकारियो को दूरभाष के मध्यम से देते नजर आए।

## ईद शांति और भाईचारे के साथ अदा की गई नमाज



**बबीना।** ईद (बकरीद) का त्योहार बबीना क्षेत्र में पूरी शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। ईदगाह पर सुबह नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-शांति की दुआ की।

इस अवसर पर बबीना थाना प्रभारी तुलसीराम पांडे पुलिस बल के साथ ईदगाह परिसर में मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहीं, हर वर्ष की तरह इस बार भी बबीना रूरल के प्रधान दीनदयाल अहिरवार द्वारा ईदगाह पर ठंडा शरबत वितरित किया गया, जिससे नमाजियों को राहत मिली। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला महामंत्री एवं भाजपा नेता दीपक सिंह ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 卐ईद का त्योहार आपसी भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम देता है। हम सबको मिलकर इस परंपरा को और मजबूत बनाना चाहिए। इस मौके पर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रवि भारती, हरदयाल फौजी ,हृदय यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण की गई ईद की नवाज अदा





**समथर।** ईद-उल-अजहा की नमाज़ सकुशल संपन्न हुई। पण्डोखर रोड स्थित ईदगाह पहुंचकर लोगों ने अमन और चैन की दुआएं मांगी ।ईदगाह पर मौलाना इकबाल ने नमाज़ अदा कराई ।लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से मस्जिद व ईदगाह पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। वही बकरा ईद को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी नए कप? और टोपी पहनकर नमाज में पहुंचे। नमाज के बाद सभी घर और परिचितों से मिलने का दौर जारी हैं।

बता दें कि शनिवार को सुबह7:30 ईदगाह में नमाज अदा हो सकी। वहीं ईद की नमाज के लिए प्रशासनिक अधिकारी उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार तिवारी पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र नाथ मिश्र थाना अध्यक्ष समथर योगेंद्र सिंह उपनिरीक्षक दिग्विजय सिंह, पुलिस दलबल के साथ मौजूद रहे वहीं सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए थाना अध्यक्ष योगेंद्र सिंह पुलिस दलबल के साथ नगर बा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए दिखे मौके पर हल्का लेखपाल राघवेंद्र यादव ज्ञानेंद्र बुंदेला राजस्व निरीक्षक, ब नगर पालिका कर्मचारी सोनू वर्मा द्वारका वाल्मीकि डेथ शैलेंद्र धनंजय राजकुमार सेन नितेश दिनेश सुरेंद्र पाल रामकुमार पाल राम जी मुद्गल साहित मौजूद रहे।

## सर्वेश्वर मंदिर पर हुआ शरबत का वितरण



**गुरसरांय।** थाने के सामने स्थित सर्वेश्वर मंदिर पर शनिवार को विशेष शरबत वितरण मंदिर की कमेटी द्वारा कराया गया। शनिवार को हनुमान जी का दिन माना जाता है। इस अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तेज धूप और गर्मी के कारण लोगों ने शरबत वितरण का स्वागत किया। श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को मिली। आयोजकों ने इस सेवा कार्य के माध्यम से पुण्य अर्जित करने का प्रयास किया। इस अवसर पर पंडित कार्तिक पाठक,हेमंत अग्रवाल,हर्ष सोनी,गौरव गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

## ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर देश की तरक्की के लिए मांगी दुआएं



**गुरसरांय।** 7 जून शनिवार को ईद-उल-अजहा की नमाज ईदगाह गुरसरांय मैं भारी तादाद में गुरसरांय और आसपास के लोगों ने अदा कर देश की खुशहाली के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी सुबह 7:30 बजे रंग बिरंगे नए कपड़ों के साथ बूढ़े,जवान,बच्चे,काफी उत्साह के साथ ईदगाह पहुंचे जहां पेश इमाम सदर शहाबुद्दीन सिद्दीकी ने सभी को नमाज अदा कराई और नमाज अदा करने के बाद बाहर जब लोग निकले तो पहले से ही बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग और प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग गंगा जामिनी तहजीब के साथ एक महासंगम का रूप लेकर एक दूसरे को गले लगा कर देश की अमन चैन तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर गरौठा मनोज सरोज, डिप्टी एसपी गरौठा असमा वकार,तहसीलदार गरौठा अमृतलाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसरांय पवन किशोर मोर्य,गुरसरांय थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय,पूर्व थानाध्यक्ष गुरसरांय अरुण कुमार तिवारी,गुरसरांय चैयरमेन प्रतिनिधि सतेन्द्र प्रताप (राजाजी चौहान),मनीष बुधौलिया, गायत्री परिवार के संयोजक एडवोकेट सतीश चन्द्र चौरसिया,अज्जू मौर्य पार्षद,दीपू महाराज,आशाराम प्रजापति,इकराम खान,चंद्र प्रकाश चौरसिया, शौकीन खान भाजपा समर्थन मंच बुंदेलखंड प्रभारी,अख्तर राईन,सलीम सेमरी,राज खान, सलमान खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कटेरा-बंगरा मार्ग पर मरम्मत सड़क बनी जानलेवा



### हर दिन हो रहीं दुर्घटनाएं ङ्क नागरिकों में रोष

**कटेरा ।** कटेरा से तालपुरा होते हुए कचनेव की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर हाल ही में डामरीकरण कार्य के पश्चात सड़क की ऊँचाई लगभग तीन फुट तक बढ़ा दी गई है। परिणामस्वरूप सड़क के दोनों ओर की पटरियाँ काफी नीचे रह गई हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर मोड़ों एवं क्रॉसिंग के दौरान दोपहिया व चारपहिया वाहन फिसलकर पलट जाते हैं, जिससे राहगीरों को गंभीर चोटें लग रही हैं। प्रत्येक दिन बढ़ रही दुर्घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि यह सड़क अब दुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है और यदि समय रहते उचित समाधान नहीं किया गया, तो यह स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

इस गंभीर समस्या को लेकर हरचरन विश्वकर्मा, रामदास राजपूत संजीव डेंगरे,रूपेंद्र राय, जगोले जैन,हरिश्चंद्र गुप्ता, विकास शिवहरे,हीरो साहू,,शिवशंकर सोनी, कमलेश कुशवाहा (पार्षद) सहित सैकड़ों जागरूक नागरिकों ने जिलाधिकारी व लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क की पटरियों पर शीघ्र मिट्टी भराव या समतलीकरण कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके और आमजन को राहत मिल सके।

### प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ

**समथर।** प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना के तहत मरीजों पर आर्थिक बोझ कम करने के उद्देश्य से बाजार मूल्य से लगभग 50 से 80 फीसदी सस्ती दवाएं उपलब्ध कराना है जिसके तहत शनिवार को समथर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्धघाटन डॉक्टर संगुल तिवारी द्वारा किया गया इस अवसर पर सीएचसी डॉ संगुल तिवारी और डॉ अमित गुप्ता, केडी , गिरीश कुमार, समस्त चिकित्सक स्टाफ व भरत व्यास, इरशाद मोहम्मद, कार्तिक चौहान, तनु व्यास गोल्डी रावत पीयूष रावत, संतोष यादव, अशोक त्रिपाठी, उमंग रिसलदार, मनोज दुबे, अरविंद व्यास, राजकुमार व्यासपुर पार्षद, अजय व्यास, भगवान सिंह , हरनाम कुशवाहा, आदि लोग मौजूद रहे।

## नमाज के दौरान सड़कों पर रहे डीएम एसपी ली पाल-पाल की जानकारी



### सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम, ड्रोन कैमरे से भी रखी गई नजर

**उरई।** डीएम राजेश कुमार पांडेय व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने ईद-उल-अजहा (बकरईद) पर्व को सकुशल शांति पूर्ण तरीके सम्पन्न कराने के लिए पहले से ही कमर कस ली थी। डीएम एसपी की सक्रियता से शनिवार को जिले की सभी मस्जिदों में बकरईद की नमाज हंसी खुशी सम्पन्न हुई और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी। इतना ही नहीं बल्कि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम व अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के बाद भी डीएम एसपी नमाज अदा कराने को लेकर सड़कों पर रहे और शहर के अलावा जालौन कालपी सहित जिले में भ्रमण कर मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। एक ओर डीएम ने बकरईद पर्व के अवसर पर अमन-चैन और सौहार्द बनाए रखने की अपील की थी। तो वहीं दूसरी ओर एसपी ने जिले में स्थित मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया था। इतना ही नहीं बल्कि एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिए थे कि वे लगातार सतर्क रहें और अराजकतत्वों पर अपनी नजर बनाए रखें। एसपी ने नवाज के दौरान ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी। फिलहाल डीएम एसपी की सक्रियता के चलते मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जिले में शांतिपूर्ण तरीके से बकराईद की नमाज अदा की और मुल्क में अमन वचन की दुआएं मांगी।

## संपादकीय

# सोवियत रूस की राह चला अमेरिका कर्ज लेकर घी पी रहे हैं ट्रंप

अमेरिका का आर्थिक संकट दिनों दिन गहराता ही जा रहा है। अमेरिका के ऊपर 36 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का कर्ज हो चुका है जो अमेरिका की जीडीपी के मुकाबले 122 फ़ीसदी को पार करने जा रहा है। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अहंकार के चलते सारी दुनिया को जीतने और सारी दुनिया को अपनी मुट्ठी में कैद करने के लिए जो टैरिफ बार शुरू किया था उस टैरिफ बार मकड़ जाल में वह स्वयं फंसकर रह गए हैं। कैसे बाहर निकलेंगे उन्हें पता नहीं टेस्ला कंपनी के एलन मस्क ने अरबों रुपए खर्च करके डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव जितवाने में मदद की थी वही डोनाल्ड ट्रंप अब एलन मस्क से इतने नाराज हैं। उसकी मदद करना तो दूर जो सब्सिडी उसे अभी तक मिल रही थी उसे भी बंद करने जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप को कोई आदमी उनका विरोध करें यह उन्हें जरा भी पसंद नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय अहंकार के मद में चूर हैं। कर्ज पर कर्ज लेते चले जा रहे हैं।

सारी दुनिया के देश को धमका रहे हैं। उन्हें ऐसा लगता था कि अमेरिका के बिना दुनिया का कोई भी काम या दुनिया का कोई भी व्यापार संभव नहीं होगा लेकिन उसके इस अहंकार पर चीन ने सबसे ज्यादा चोट की है। चीन के सामने अमेरिका घिगयाने के लिए विवश हुआ है। चीन के जवाबी हमले ने ट्रंप के सारे कस और बल को निकाल दिया है। दुनिया में ट्रंप अब कमजोर राष्ट्रपति के रूप में देखे जा रहे हैं। जिस तरह से अमेरिका में महंगाई और मंडी बढ़ती चली जा रही है। 2025 की विकास दर 2.0 से घटकर 1.4 फ़ीसदी होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिका में कर्ज और उसके ब्याज का बोझ जिस तरह कैसे बढ़ रहा है। इस पर अंकुश लगाने की स्थान पर जो तुगलकी फरमान डोनाल्ड ट्रंप जारी कर रहे हैं। उसको देखते हुए अब सारे विश्व में यह कहा जाने लगा है। जिस तरह से सोवियत रूस का विघटन 1990 के दशक में हुआ था लगभग वही हालत 2025 में अमेरिका की देखने को मिलने लगी है। जिस तरह से एक-एक करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विशेषज्ञों के साथ अपनी दुनिया बना रहे हैं।

ऐसी स्थिति में जो गड्ढा वह दूसरों के लिए खोद रहे थे अब उसी गड्ढे में वह स्वयं गिरते चले जा रहे हैं। यह धारणा सारी दुनिया के देशों में बनने लगी है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में जिस तरह से दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रंप को खरी खरी सुनाकर चले जाते हैं और अमेरिका उनका कुछ नहीं कर पाता है। अमेरिका के बढ़ते कर्ज पर जिस तरीके से शेयर बाजार वालस्ट्रीट और अन्य आर्थिक विशेषज्ञ अमेरिका के लिए कर्ज को खतरे की घंटी बता रहे हैं। यदि इस पर तुरंत अंकुश नहीं लगाया गया तो कभी भी अमेरिका में एक ऐसी स्थिति खड़ी हो सकती है। इसके बारे में अमेरिका ने कल्पना भी नहीं की थी अमेरिका एक संघीय देश है। राज्यों के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनको अनदेखा करते हुए जिस तरह की दादागिरी कर रहे हैं। उसके बाद यह बार-बार कहा जाने लगा है की जो सोवियत रूस का हुआ था यदि वही अमेरिका के साथ हो जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं करना चाहिए 100 वर्ष के इतिहास में अमेरिका सबसे ज्यादा मुसीबत के दौर से गुजर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप इस स्थिति में सबसे खतरनाक व्यक्ति साबित हो रहे हैं। अमेरिका यदि कमजोर होता है तो वैश्विक स्तर पर अराजकता बढ़ेगी सारी दुनिया में अशांति होगी सारी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आ सकती है।

इस आसन का को लेकर सारी दुनिया के देशों में एक बड़ी चिंता देखी जा रही है। भारत भी इस चिंता से दूर नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो तनाव बना है। इसका लाभ चीन और भारत के पड़ोसी देश उठा रहे हैं। चीन उनकी दोनों हाथों से मदद कर रहा है। उन्हें सैन्य हथियारों से लेकर अन्य आर्थिक मदद दी जा रही है। चीन की जो गतिविधियां हैं। वह भारत को कमजोर करने वाली हैं। भारत आज सारी दुनिया के देशों में अलग-अलग पड़ता चला जा रहा है। भारत के लिए भी यह चिंता का सबसे बड़ा विषय है। कर्ज की इकोनॉमी से जब अमेरिका जैसा देश विघटन के दौर में पहुंच सकता है, तब आसानी से कल्पना की जा सकती है कि भारत के ऊपर जो कर्ज बढ़ता चला जा रहा है। वह भारत को कौन सी दिशा और दशा होगी इसको लेकर भारत की चिंता भी अब देखने को मिलने लगी है।

– सनत जैन

# अहिल्याबाई का विरासत पथ बना मोहन का विकास पथ


हर्षवर्धन पान्डे

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को सुशासन, नारी सशक्तिकरण और जनकल्याण की प्रतीक माना जाता है। अपने शासनकाल में जनकल्याण और समावेशी विकास की ऐसी मिसाल कायम की जो आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी इस विरासत को न केवल संरक्षित करने का संकल्प लिया है, बल्कि इसे आधार बनाकर प्रदेश को विकास के नए आयामों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त किया है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में सुशासन की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने न केवल प्रशासनिक दक्षता और न्यायप्रियता का परिचय दिया, बल्कि समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए। मंदिरों, घाटों, सरायों और जल संरक्षण परियोजनाओं के निर्माण के माध्यम से उन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक अभ्युदय को बढ़ावा दिया। उनकी यह विरासत आज भी मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान का आधार है जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव अपने विजन से नई दिशा दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों को विकास नीतियों में समाहित करने का संकल्प लिया है। अहिल्याबाई की पुण्य गाथा से आज पूरा प्रदेश सरोबार रहा है जिसके चलते उनके कार्यों की जानकारी आम आदमी तक पहुंच रही है। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने विरासत के साथ विकास के मंत्र को अपनाते हुए मध्यप्रदेश को एक समृद्ध और सशक्त राज्य बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उनकी नीतियां और योजनाएं न केवल आर्थिक विकास पर केंद्रित हैं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देती हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने का जो संकल्प लोकमाता लिया था, उसे डॉ. मोहन यादव की सरकार देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन के माध्यम से साकार कर रही है। यह मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) मंत्र से प्रेरित है। इस मिशन के तहत बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं जैसे लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, लखपति दीदी और महिला स्व-सहायता समूहों का सशक्तिकरण लागू किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अनेक धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी जैसे कदम उठाए गए हैं। अहिल्याबाई के शासनकाल में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक दक्षता का विशेष महत्व था। डॉ. मोहन यादव ने इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए ई-गवर्नेंस की सुशासन प्रणालियों को प्रदेश में बेहतर ढंग से लागू किया है। उनकी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनकल्याण पर्व जैसे अभियान शुरू किए हैं जिनमें शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ वंचित वर्गों तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महारानी अहिल्या के शासनकाल के फैसले, नीतियों से प्रेरित होकर अपनी कैबिनेट की बैठक इंदौर के राजबाड़ा में रखी जिसमें अहिल्याबाई की दूरदृष्टि से प्रेरित होकर प्रदेश के विकास के लिए कई निर्णय लिए गए जिसमें 3876 करोड़ रु. की सौगात प्रदेश को दी गई। मोहन सरकार की मौजूदा नीतियों में शामिल सुशासन, जनसुनवाई और महिला सशक्तिकरण उन्हीं से प्रेरित है।डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के लिए कई पहल की हैं। अहिल्यादेवी द्वारा निर्मित मंदिरों, धर्मशालाओं और अन्य सामुदायिक संरचनाओं के रखरखाव के लिए अन्य राज्यों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, श्रीराम वन गमन पथ, श्रीकृष्ण पाथेय, और सिंहस्थ 2028 जैसे आयोजनों के लिए विशेष बजट प्रावधान किए गए हैं। ये प्रयास न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगे, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस योजना तैयार की है। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने बीते डेढ़ वर्ष में औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए उन्होंने न केवल बेहतर नीतियां बनाई, बल्कि जमीनी स्तर पर निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जीआईएस और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव किए। इस तरह के भव्य आयोजनों ने विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक संभावनाओं को मजबूती प्रदान की। इसके साथ ही निवेशकों के साथ सीएम डॉ.यादव ने सीधा संवाद स्थापित किया जिससे मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति मिली।

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना


ललित गर्ग

बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।

क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है।

बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है।

## सुविचार

प्रत्येक व्यक्ति की अच्छाई ही प्रजातंत्रीय शासन की सफलता का मूल सिद्धांत है। – राजगोपालाचारी

अपने अनुभव का साहित्य किसी दर्शन के साथ नहीं चलता, वह अपना दर्शन पैदा करता है। – कमलेश्वर

## प्रसंग

# प्रेमचंद की गाय

उन दिनों प्रसिद्ध उपन्यास - लेखक मुंशी प्रेमचंद गोरखपुर में अध्यापक थे। उन्होंने अपने यहाँ गाय पाल रखी थी। एक दिन चरते - चरते उनकी गाय वहाँ के अंग्रेज जिलाधीश के आवास के बाहरवाले उद्यान में घुस गई। अभी वह गाय वहाँ जाकर खड़ी ही हुई थी कि वह अंग्रेज बंदूक लेकर बाहर आ गया और उसने गुस्से से आग बबूला होकर बंदूक में गोली भर ली। उसी समय अपनी गाय को खोजते हुए प्रेमचंद वहाँ पहुँच गए।

अंग्रेज ने कहा कि यह गाय अब तुम यहाँ से ले नहीं जा सकते। तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने अपने जानवर को मेरे उद्यान में घुसा दिया। मैं इसे अभी गोली मार देता हूँ, तभी तुम काले लोगों को यह बात समझ में आएगी कि हम यहाँ हुकूमत कर रहे हैं। और उसने भरी बंदूक गाय की ओर तान दी। प्रेमचंद ने नरमी से उसे समझाने की कोशिश की, महोदय ! इस बार गाय पर मेहरबानी करें। दूसरे दिन से इधर नहीं आएगी। मुझे ले जाने दें साहब। यह गलती से यहाँ आई। फिर भी अंग्रेज झल्लाकर यही कहता रहा, तुम काला आदमी ईडियट हो - हम गाय को गोली मारेगा। और उसने बंदूक से गाय को निशान बनाना चाहा। प्रेमचंद झट से गाय और अंग्रेज जिलाधीश के बीच में आ खड़े हुए और गुस्से से बोले, तो फिर चला गोली। देखूँ तुझमें कितनी हिम्मत है। ले। पहले मुझे गोली मार। फिर तो अंग्रेज की हेकड़ी हिरन हो गई। वह बंदूक की नली नीची कर कहता हुआ अपने बंगले में घुस गया।

## जरा हटके

# चंद सेकण्ड में एआई बता रहा फल और सब्जियां फ्रेश हैं या नहीं

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जब से स्मार्टफोन में एआई की एंट्री हुई है तब से आपके फोन और भी ज्यादा स्मार्ट हो गए हैं। अब आप ये तक जान सकते हैं कि फल और सब्जियां फ्रेश हैं या नहीं। ये जानने के लिए आपको न नाक से सूंघने की जरूरत पड़ेगी, न ही आपको सब्जीवाले को बोलना पड़ेगा। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ये मम्मी वाले काम भी चुटकियों में हो सकते है। आप इसके लिए चैटजीबीटी जैसे टूल्स का लाइव वीडियो फीचर इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां से आप इमेज इनपुट और वीडियो एनालिसिस का इस्तेमाल करके इसके बारे में जान सकते है कि कोई फल या सब्जी फ्रेश है या नहीं। दरअसल, इस काम को करने के लिए एआई पहले तस्वीर में मौजूद फल या सब्जी के कलर, टेक्सचर, स्पॉट्स और डीकंपोजिशन के शुरुआती लक्षणों को चेक करता है। इसके बाद चैट जीबीटी का नया वीडियो फीचर 'सोर्स' इसमें और भी बेहतर तरीके से मदद करता है। इतना ही नहीं आप फल या सब्जी की एक छोटी वीडियो क्लिप बना सकते हैं और एआई को दिखा के उसके बारे में तुरंत जान सकते हैं कि वहां सही है या नहीं। हाल ही में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने भी इस फीचर को टेस्ट किया और तरबूज फ्रेश है या नहीं ये पता करने के लिए एआई की मदद ली। एआई ने एक-एक कर फल के बारे में बताया और उसके कलर और उससे आ रही आवाज के बेस पर कहा कि ये तरबूज काफी रसीला हो सकता है। इसका कलर भी अच्छा दिख रहा है। इसके बाद इन्फ्लुएंसर ने तरबूज को खरीद लिया और टेस्ट करने के लिए जब घर पर तरबूज को कटा तब पता चला एआई ने जो-जो बताया बिलकुल सही था। तरबूज एक दम फ्रेश और रसीला था। जिससे आप इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि एआई अब आपकी इन कामों में भी काफी बेहतर ढंग से मदद कर सकता है।



## फोटो ऑफ द डे



अमेरिका में मिलफोर्ड के एक हाई स्कूल छात्र की रिहाई के बाद उसके साथ ही उत्साहित दिखे। (फोटो-ईएमएस)

## राज काज

# आप को आजाद उम्मीदवार का समर्थन

आम आदमी पार्टी को दिल्ली में मिली हार के बाद समझा जा रहा था कि वह राजनीतिक गलियारे में हाशिये पर जा रही है। इससे उलट आप को दूसरे राज्यों में पैर जमाने के लिए जमीन मिलती दिख रही है। दरअसल ऐसा इसलिए कहा जा रहा क्योंकि पंजाब के लुधियाना जिले के हलका पश्चमी में 19 जून को उप-चुनाव होने वाले है। इसके लिए आप के साथ ही कांग्रेस, बीजेपी और शिअद ने अपने-अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतार दिए हैं। इस सीट पर अनेक आजाद उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे है। इन्हीं में से एक आजाद उम्मीदवार ने आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का वादा किया है, जिसे मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी का पटका पहनाया है। आप पंजाब के नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोक हित कार्यों के कारण आज सभी लोगों का समर्थन उन्हें मिल रहा है। अब देखना यह है कि आखिर पंजाब से हटकर आम आदमी पार्टी को और किन जगहों पर इस तरह का समर्थन मिलता है।

# मुजीबुर्रहमान के बगैर बांग्लादेश

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान को दिए गए राष्ट्रपिता के दर्जे को खत्म करने का ऐलान कर दिया है। स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े कानून में संशोधन करते हुए यह बदलाव आनन-फानन में किया गया है। मीडिया में इस फैसले को लेकर मिली-जुली प्रति या देखने को मिल रही है। दरअसल कुछ दिन पहले ही मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को नई मुद्रा (करंसी) नोटों से हटा दिया और अब राष्ट्रपिता का दर्जा छीन लिया गया है। इस प्रकार अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन कर दिया है, जिससे स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा को बदल दिया गया है। बांग्लादेश के कानून, न्याय और संसदीय कार्य मंत्रालय ने इस संशोधन से जुड़ा अध्यादेश जारी किया जा चुका है। राष्ट्रपिता मुजीबुर्रहमान के बगैर बांग्लादेश का भविष्य कैसा होगा यह देखने वाली बात है।

## व्यंग्य

# श्मशान घाट का इंडेक्स यमराज के हवाले

अविनाश वाचस्पति

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने 2400 लोगों पर एक सर्वेक्षण किया और उसके नतीजों का खुलासा करके वही बातें दोहराई हैं जो हमारे बुजुर्ग पहले ही बतला गए हैं कि दूध का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है और रोगों को मानव शरीर के पास फटकने भी नहीं देता है।

परन्तु आज शहरों में खालिस दूध नहीं मिलता है। दूध और इनसे बने उत्पाद इतने ज़हरीले हो चुके हैं कि साँपों को भी शर्म आने लगी है कि हम से अधिक ज़हरीले लोग, नागफनी के काँटे क्या हैं, उनसे अधिक कंटीले लोग। वो लोग जो सिंथेटिक दूध का उत्पादन और व्यापार कर रहे हैं। वो लोग जो जानवरों की हड्डियों से देशी घी बना कर लाभ कमा रहे हैं। उनसे अधिक काँटे इनके सिवाय पब्लिक को और कौन चुभो रहा है?

इनका सेवन करके जब इंसान रोगी हो जाता है तो जो डॉक्टर इलाज के लिए मिलता है, वो फ़ज़ी डिग्रीधारी होता है। दवाई जो ख़रीद कर रोग से बचाव के लिए खानी होती है वो नकली होती है। कब तक और कहाँ तक बचेगा इंसान तू। बचने का उपक्रम मत कर। उनसे बच गया तो इनसे कैसे बचेगा जो ब्लू लाईन ड्राइवरों का रूप धर कर दिल्ली की धरा पर उतर आए हैं। सड़कों पर यमराज ने और उनके दूतों ने उतर कर मनमानी मचा रखी है। जो बस यात्रियों को विवश, पैदल को खून से लथपथ, कार वालों को शरीर से बेकार, साईकिल वालों को चक्करघिन्नी की तरह घुमा रहे हैं और पब्लिक से पिटने पर भी अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आ रहे हैं। मौत का खूनी खेल सड़कों पर बदस्तूर जारी रहा तो लोग बीमारी से नहीं मरेंगे, बेरोज़गार ढूँढे नहीं मिलेंगे, बुढ़ापा नहीं सताएगा? आज के बच्चे कल के नेता जिन्हें ये ढूँढ-ढूँढ कर, पैदल या वैन में टक्कर मार-मार कर श्मशान पहुँचा रहे हैं। सबका यही हश्र होना है। इनसे आजिज़ आकर अखबार वाले मंगल को अमंगलकारी मानने को मजबूर होकर कह रहे हैं कि गति और क्रोध के ब्रेक फेल हो चुके हैं। यही आज की भयावह सच्चाई है। पब्लिक के दिल पत्थर के हो चुके हैं और दिमाग कुंद। वही पब्लिक जिसे अपनी और अपने परिवार की जान से अधिक किसी की परवाह नहीं रही। एक ज़िंदा हिन्दू आदमी जितना नुकसान अपने समूचे जीवन काल में पर्यावरण को नहीं पहुँचा पाता, उससे अधिक नुकसान तो वो मरने के बाद पहुँचा देता है क्योंकि हिंदू रीति रिवाज के तहत जब उसे जलाया जाता तो जलाने में व्यर्थ हुई लकड़ी और जलने पर बनने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड गैस - दोनों ही पर्यावरण के घोर शत्रु हैं। जो खाक बचती है वो नदियों में बहा दी जाती है - लिहाज़ा तीनों ही स्थितियाँ खतरनाक हैं। अब तो खाक होने के लिए भी कई विकल्पों के दरवाज़े खुले हुए हैं। जबकि नकली लकड़ी की खोज अभी तक वैज्ञानिक नहीं कर पाए हैं पर असली लकड़ी में मिलाने के लिए जानवरों की हड्डियों वाला देशी घी देश में बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। इन दोनों को ही खरीदने पर असली नोट लगेंगे। मन की आँखें खोल रे बंदे। पर्यावरण को और ज़हरीला मत बना। अपने नेत्रदान करता जा, किसी की आँखों का उजाला बन और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी अपनाकर कम्प्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) से अपना अंतिम सफ़र पूरा कर।

## चिंतन-मनन

# इच्छाएं जीवात्मा को मोह से बांधे रखती हैं

इंद्रियां, मन और बुद्धि काम-वासना के निवास-स्थान कहे जाते हैं। इनके द्वारा ज्ञान को ढककर काम-वासना जीवात्मा को मोहित करती है। कामरूपी दुश्मन का नाश करने के लिए यह पता होना ज़रूरी है कि यह रहता कहां है। इसलिए कृष्ण कह रहे हैं कि काम-वासना किसी एक जगह नहीं रहती, बल्कि यह तो हमारे तीनों शरीरों- स्थूल, सूक्ष्म और कारण में निवास करती है।

इसकी पकड़ बड़ी मज़बूत होती है, इसलिए इसका नाश करना बड़ा मुश्किल है। मिसाल के तौर पर जब काम-वासना इन्द्रियों में जगती है, तब इन्द्रियां बेकाबू हो जाती हैं। जब यह मन में जगती है तो दूसरे काम करते हुए भी मन में काम-वासना के बारे में ही ख्याल चलते रहते हैं। ऐसे वक्ति में दिमाग में केवल काम ही भरी रहती है और बुद्धि दूसरा निर्णय नहीं ले पाती। इसलिए हमारी चेतना की मुख्य जगहों इन्द्रियों, मन और बुद्धि में जैसे ही काम अपना बसेरा डालता है, वहां से ज्ञान गायब हो जाता है। यही वजह है कि बड़े-बड़े ज्ञानियों में भी जब काम उपजता है तो वह उनके ज्ञान को ढक लेता है। काम का मतलब यहां केवल काम-वासना से ही नहीं, बल्कि हमारी अन्य कामनाओं से भी है। कामनाएं या इच्छाएं जीवन भर इंसान का पीछा नहीं छोड़तीं और इस वजह से जीवात्मा का संसार को लेकर मोह बना रहता है।

## स्वास्थ्य

# रोजाना 5 फ्लोर चढ़ने से कम होता है हार्ट अटैक का खतरा

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** हाल ही में एक अध्ययन में दावा किया गया है कि दिन में कम से कम 5 फ्लोर (लगभग 50 सीढ़ियां) चढ़ने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा 20 प्रतिशत तक कम हो सकता है। अगर आप रोजाना सीढ़ियां चढ़ते हैं, तो यह आपके दिल और शरीर के लिए उतना ही फायदेमंद हो सकता है जितना दिनभर में 10,000 कदम चलना।

इस शोध में यह भी सामने आया कि जो लोग सीढ़ियां चढ़ना बंद कर देते हैं, उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 32 प्रतिशत ज्यादा होता है। इसके अलावा सीढ़ियां चढ़ने से हड्डियां मजबूत होती हैं और वजन घटाने में भी मदद मिलती है। विशेषज्ञों का मानना है कि सीढ़ियां चढ़ना एक प्राकृतिक कार्डियो एक्सरसाइज है, जो शरीर को गुरुत्वाकर्षण के खिलाफ काम करने पर मजबूर करती है। यह न केवल मांसपेशियों को मजबूत करती है बल्कि कैलोरी भी तेजी से बर्न करती है। विशेषज्ञ यह भी कहते हैं कि रोजाना 3 से 6 फ्लोर यानी लगभग 30 से 60 सीढ़ियां चढ़ना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। यह आदत न सिर्फ दिल की सेहत को सुधारती है बल्कि ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी सहायक होती है। हालांकि, यह जरूरी नहीं कि आपके घर या ऑफिस में सीढ़ियां उपलब्ध हों। ऐसी स्थिति में मॉल, अस्पताल, मेट्रो स्टेशन या एयरपोर्ट जैसी जगहों पर लिफ्ट की बजाय सीढ़ियों का प्रयोग करना फायदेमंद हो सकता है। जिम जाने वालों के लिए स्टेयर-क्लाइंबिंग मशीन एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

# लॉस एंजिल्स में 44 लोगों की गिरफ्तारी के बाद शहर में तनावपूर्ण स्थिति

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वार की गई छापेमारी में 44 लोगों की गिरफ्तारी के बाद शहर में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। इस कार्रवाई ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया, इसके परिणामस्वरूप प्रदर्शनकारियों और लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग के बीच कई स्थानों पर झड़पें हुईं। पुलिस अधिकारियों ने गिरफ्तारियों के विरोध में आवाज उठाने के लिए एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए फ्लैश बैंग और अन्य भीड़ नियंत्रण उपायों का इस्तेमाल किया।

आधिकारिक बयानों के अनुसार, इन छापेमारियों में 44 लोग प्रशासनिक रूप से गिरफ्तार किए गए, जबकि एक व्यक्ति को बाधा डालने के आरोप में हिरासत में लिया। हालांकि, आव्रजन अधिकार समूहों ने दावा किया कि छापेमारी सात अलग-अलग स्थानों पर हुई, जिसमें वेस्टलेक जिले में दो होम डिपो स्टोर, फैशन डिस्ट्रिक्ट में एक कपड़ा गोदाम और एक डोनट की दुकान शामिल हैं। हालांकि, इस ऑपरेशन की व्यापक आलोचना हुई, जिसमें स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने क्रूर और अनावश्यक करार दिया।

छापेमारी की खबर फैलते ही सैकड़ों प्रदर्शनकारी हिरासत केंद्रों और छापेमारी स्थलों के बाहर इकटठा हुए। वेस्टलेक में एक होम डिपो स्टोर के बाहर का दृश्य विशेष रूप से तनावपूर्ण था, जहां प्रदर्शनकारियों ने उन्हें आजाद करो, उन्हें रहने दो ! जैसे नारे लगाए और हिरासत में लिए गए लोगों को ले जा रही वैन को रोकने की कोशिश की। कुछ स्थानों पर स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर वाहनों पर अंडे फेंके और रास्ता ब्लॉक किया।

लॉस एंजिल्स की मेयर कैरन बास ने कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, ये रणनीतियां हमारे समुदायों में भय पैदा करती हैं और शहर की सुरक्षा के मूल सिद्धांतों को बाधित करती हैं। एक आप्रवासी शहर के मेयर के रूप में, मैं इस घटना से गहरे नाराज हूं। मेयर बास ने कहा कि उनकी सरकार ऐसी कार्रवाइयों को बर्दाश्त नहीं करेगी। कैलिफोर्निया के डेमोक्रेटिक सीनेटर एलेक्स पैडिला ने भी ऑपरेशन को अत्यधिक और क्रूर बताकर इसकी निंदा की।



ग्वाटेमाला में वोल्कन डी फयूगो इलाके के लोग ज्वालामुखी के निकलने वाला लावा घटने के बाद अस्थाई राहत केन्द्र छोड़ते हुए।

# ट्रंप के फिर बदले सुर बोले- रूस-यूक्रेन को कुछ समय तक लड़ने दिया जाए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कब कितना झूठ बोलें या अपनी बात से मुकर जाएं, इसकी कोई सीमा नहीं है। एक फिर उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर एक विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि शायद यह बेहतर होगा कि दोनों देश कुछ समय तक लड़ते रहें। इसी बीच, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका से रूस पर दबाव बढ़ाने की अपील की है। व्हाइट हाउस में मर्ज से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा, 'उनके बीच गहरी नफरत और बदले की भावना है, ऐसे में निकट भविष्य में युद्धविराम की उम्मीद करना मुश्किल है। वे लगातार लड़ रहे हैं। जैसे खेलों में रेफरी थोड़ी देर तक खिलाड़ियों को भिड़ने देते हैं, वैसे ही कभी-कभी उन्हें थोड़ी देर तक लड़ने देना ठीक होता है।



इससे पहले उन्होंने कहा था कि वे सत्ता में आए तो युद्ध जल्दी खत्म कर देंगे। जर्मन चांसलर मर्ज ने ट्रंप से आग्रह किया कि अमेरिका को युद्ध खत्म कराने में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए और रूस पर और दबाव बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अमेरिका इस युद्ध को समाप्त करने की स्थिति में है। हम चाहते हैं कि अमेरिका रूस पर अधिक दबाव डाले।' नए प्रतिबंधों पर पूछे गए सवाल पर ट्रंप ने संकेत दिया कि फिलहाल तुरंत कोई फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो हम दोनों देशों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। क्योंकि एक कहावत है ङ्क ताली दो हाथ से बजती है।

इसके साथ ही, ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर मैं नहीं होता, तो रूस के साथ बहुत बुरा हो चुका होता, मेरा मतलब है बेहद बुरा। पुतिन आग से खेल रहे हैं।' यह बात ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखी। उन्होंने पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की दोनों पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, 'मैं पुतिन की हरकतों से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि पुतिन को क्या हो गया है।'

# नेपाल में जमीन विवाद में फंसी पतंजलि योगपीठ

**काठमांडू।** योग गुरु बाबा रामदेव की पतंजलि योगपीठ और नेपाल सरकार के बीच एक जमीन खरीद का सौदा हुआ था। अब सौदे में भ्रष्टाचार की खबरें आ रही है। इसके कारण नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री को अपनी सांसदी तक गंवानी पड़ी है। नेपाल की भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी सीआईएए ने पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन यूनिफाइड सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष माधव कुमार के खिलाफ जमीन घोटाले में आरोपपत्र दायर कर दिया है। यह मामला पतंजलि योगपीठ द्वारा जमीन खरीद में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ा है।

यह मामला काठमांडू से करीब 40 किमी दूर काभ्रे जिले में पतंजलि योगपीठ द्वारा खरीदी गई 32 हेक्टेयर जमीन से जुड़ा है। यह जमीन योग केंद्र और हर्बल खेती के उद्देश्य से खरीदी गई थी। लेकिन जांच एजेंसी के अनुसार, माधव नेपाल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक ने भूमि अधिनियम में छूट देकर अनुमति दी थी और दो माह बाद एक और फैसले से जमीन को व्यावसायिक उपयोग के लिए भी खोल दिया गया।

जांच एजेंसी ने इस फैसले को सरकारी नीति का दुरुपयोग बताया है। इतना ही नहीं दावा किया कि इससे सरकार को करीब 11.6 करोड़ भारतीय रुपये का नुकसान हुआ। नुकसान की भरपाई के लिए माधव नेपाल से राशि वसूलने की सिफारिश की गई है। इस केस में कुल 94 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिसमें पूर्व कानून मंत्री प्रेम बहादुर सिंह, पूर्व भूमि सुधार मंत्री दंबर श्रेष्ठ, पूर्व मुख्य सचिव माधव प्रसाद घिमिरे और पतंजलि (नेपाल) के निदेशक सलीग्राम सिंह का नाम शामिल है।

## लैटिन अमेरिकी देश चिली में 6.4 तीव्रता का भूंकप

**वाशिंगटन।** लैटिन अमेरिकी देश चिली में फिर धरती कांपी है। उत्तरी चिली में जोरदार भूकंप आया है। 6.4 तीव्रता वाले भूकंप से देश दहल उठा। भूकंप से चिली के बुनियादी ढांचे यानी घर-मकानों को मामूली नुकसान पहुंचा है। भूकंप के कारण करीब 23,000 से अधिक घरों की बिजली गई। फिलहाल, अधिकारियों ने भूकंप के बाद किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी है।

यूएसजीएस यानी अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार शुक्रवार करीब 11 बजे आया। यह जोरदार भूकंप 76 किलोमीटर (47 मील) की गहराई पर आया। इसका केंद्र अटाकामा रेगिस्तान के तट के पास स्थित था। हालांकि, भूकंप से लोग घरों से बाहर डरकर भागने लगे।

## आज का इतिहास 8 जून

1707 दिल्ली के तख्त के लिए शाहजादा आजम और मुअज्जम में आगरा के पास जजाऊ में लड़ाई हुई .

1762 आस्ट्रेलिया के खिलाफ रुस और प्रशा ने गठबंधन किया.

1936 भारतीय रेडियो का नाम ऑल इंडिया रेडियो रखा गया.

1948 भारत-इंग्लैंड के बीच एयर इंडिया ने पहली बार विमान सेवा शुरू की.

1990 चेकोस्लोवाकिया में 44 वर्ष में पहली बार हुए स्वतंत्र चुनावों में वाकलाव हावेल राष्ट्रपति चुने गये.

1991 पाकिस्तान में रेल दुर्घटना में 100 यात्री मारे गये, 225 अन्य घायल हो गये.

1993 नाजी अधिकृत फ्रांस में पुलिस प्रमुख रहे बास्क की हत्या हुई.

1995 वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी प्रोफेसर एन.जी.रंगा का निधन.

2000 आंध्र प्रदेश, कर्नाटक व गोवा के चर्चों में बम विस्फोटों से 3 लोग घायल.

2001 मध्य कश्मीर के चरारे शरीफ परिसर में नमाज से पहले शक्तिशाली बम विस्फोट में 4 मरे व 60 घायल.

2004 122 वर्षों के बाद वीनस ने पहली बार सूर्य को पार किया.

2006 74 वर्षीय राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने लड़ाकू विमान सुखोई-30 में आधे घंटे तक उड़ान भरी. उन्होंने 23,250 फीट की ऊंचाई पर 1800 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से यह सफर तय किया.

2007 दिगंबर कामत गोवा के 19वें मुख्यमंत्री बने.

2007 जी-8 के सदस्य राष्ट्रों का शिखर सम्मेलन जर्मनी में संपन्न.

## प्रसंगत: लालच

रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से शीरे के बड़े-बड़े ड्रम उतारे जा रहे थे। उन ड्रमों से थोड़ा-थोड़ा शीरा मालगाड़ी के पास नीचे जमीन पर गिर रहा था। जहाँ शीरा गिरा था मक्खियाँ आकर बैठ गई और शीरा चाटने लगीं। ऐसा करने से उनके छोटे-छोटे मुलायम पंख उस शीरे में ही चिपक गए, फिर भी मक्खियों ने उधर ध्यान न देकर शीरे का लालच न छोड़ा और काफी देर तक शीरा चाटने में ही मगन रहीं। कुछ समय बाद वहाँ एक कुत्ता भी आ गया। कुत्ते को देखकर वे मक्खियाँ डरीं और वहाँ से उड़ने की कोशिश करने लगीं, परंतु पंख शीरे में चिपक जाने के कारण वे उड़ नहीं सकीं और शीरे के साथ-साथ वे सब भी कुत्ते का भोजन बनती गई। उसी समय उड़ते-उड़ते और कई मक्खियाँ भी उस शीरे पर आकर बैठती गई। उन सबके पंख भी शीरे में चिपक गए और वे भी उस कुत्ते का भोजन बन गई। उन्होंने पहले से पड़ी मक्खियों की दुर्गति और विनाश देखकर भी उनसे कोई सीख नहीं ली, जबकि वही विनाश उनकी भी प्रतीक्षा कर रहा था। यही दशा इस संसार की है। मनुष्य देखता है कि लोभ-मोह किस तरह आदमी को दुर्गति में, संकट में डालता है, फिर भी वह दुनिया के इन दुर्गुणों से बचने की कोशिश कम ही करता है। परिणामतः अनेक मनुष्यों की भी वही दुर्गति होती है, जो उन लोभी मक्खियों की हुई।

## दैनिक पंचांग

**8 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | तुला में |
| मंगल | सिंह में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 05.46 बजे से |
| कर्क | 07.59 बजे से |
| सिंह | 10.15 बजे से |
| कन्या | 12.27 बजे से |
| तुला | 14.38 बजे से |
| वृश्चिक | 16.53 ब.से |
| धनु | 19.09 बजे से |
| मकर | 21.14 बजे से |
| कुंभ | 23.00 बजे से |
| मीन | 00.33 बजे से |
| मेष | 02.04 बजे से |
| वृष | 03.44 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 159 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 07.18 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 12.42 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 12.18 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 07.19 बजे तदनन्तर कौलव 20.29 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872369
**जूलियन दिन** 2460834.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 11
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 | से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 | से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 | से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 | से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 | से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 | से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे गुरु अस्त पश्चिमी तिथि द्वादशी, रविवासरे, स्वाती नक्षत्रे, वल योगे, वालव करणे, तुला की चंद्रमा, प्रदोष व्रत, मृगशिरा रवि 19.54 गुरुवार विद्यारंभ आद्रा याम मिथुने गुरु 26/58 तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता, शासक-प्रशासक, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, लेखक-कवि, उत्तम प्रकृति का लोभी, दम्भी, जिद्दी-हठी, संत-महात्मा, ज्ञानी तथा परोपकारी, योगी पुरुष होगा।




मेष राशिः यात्रा व वृत्ति से लाभ, कुसंग से हानि, कुछ सहयोग रहे, पारिवारिक समाचार मिलेगा।

वृष राशिः शुभ कार्य, भूमि से हानि, सिद्धी, कभी-कभी विरोधी अडंगे करते रहेंगे, कार्य बनेंगे।

मिथुन राशिः अधिक व्यय, स्वजन कष्ट, विवाद, आर्थिक कमी का अनुभव अवश्य होगा।

कर्क राशिः हानि, रोगभय, नौकरी में कष्ट, चिन्ता, राजकार्य, मामले-मुकदमे में असंतोष।

सिंह राशिः निराशा, लाभ, कार्य में सफलता, आर्थिक सुधार आदि होगा।

कन्या राशिः शरीर कष्ट, लाभ, राजभय, उद्योग-व्यापार में अडंगे अवश्य ही आयेंगे।

तुला राशिः चोट-अग्नि भय, धार्मिक कार्य, कष्ट, व्यर्थ अनाप-शनाप खर्च से परेशानी।

वृश्चिक राशिः बाधा, उलझन, लाभ, यात्रा, कष्ट, गृहकार्य में परेशानी अवश्य रहेगी।

धनु राशिः शत्रुभय, मुकदमे में जीत, रोगभय होगा, व्यापार में सुधार, कष्ट अवश्य होगा।

मकर राशिः व्यापार में लाभ, शत्रुभय, धन सुख, सुधार, खर्च होते ही रहेंगे, ध्यान रखें।

कुंभ राशिः कलह, व्यर्थ खर्च, सफलता प्राप्त हो, विरोधी असफल रहें, व्यापार में सुधार होगा।

मीन राशिः स्वजन सुख, पुत्र-चिन्ता, धन हानि, व्यापार की स्थिति अच्छी नहीं रहे।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# ब्रिटेन में खसरे ने बढ़ाई चिंता, जल्द टीके लगवाने का आदेश

**लंदन।** ब्रिटेन की हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी ने शुक्रवार को इंग्लैंड में खसरे के बढ़ते मामलों को लेकर चेतावनी जारी की है। एजेंसी ने आगाह किया है कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रा में बढ़ोतरी के चलते खसरे के मामलों में और तेजी आ सकती है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2025 से अब तक इंग्लैंड में 420 खसरे के मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से 109 मामले अप्रैल में और 86 मई में सामने आए। पूरे साल में सबसे अधिक मामले लंदन में दर्ज किए गए हैं। पिछले चार हफ्ते में भी 75 में से 35 मामले लंदन में (47 प्रतिशत) सामने आए। इन मामलों में से 66 प्रतिशत मरीज 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं, जो कि चिंताजनक है।

एजेंसी ने कहा कि जैसे-जैसे गर्मियों की छुट्टियों के दौरान लोग यात्रा पर निकलेंगे, खासकर विदेशों की ओर, तो खसरे का वायरस और तेजी से फैल सकता है। यह वायरस अभी भी दुनिया के कई देशों में एंडेमिक बना हुआ है। बता दें कि इस साल यूरोप के कई देशों में खसरे का प्रकोप देखा गया है, जिनमें फ्रांस, इटली, स्पेन और जर्मनी शामिल हैं. वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, रोमानिया, पाकिस्तान, भारत, थाईलैंड, इंडोनेशिया और नाइजीरिया में खसरे के सबसे अधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, खसरा एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है, जो संक्रमित व्यक्ति के सांस लेने, खांसने या छींकने से फैलता है। यह बीमारी तेज बुखार, खांसी, बहती नाक और पूरे शरीर पर लाल चकत्तों वाली त्वचा के रूप में प्रकट होती है। खसरा किसी को भी हो सकता है, लेकिन यह बच्चों में सबसे आम है। गर्भवती महिलाएं और बिना टीकाकरण वाले छोटे बच्चे इसके गंभीर परिणामों के सबसे बड़े जोखिम में होते हैं। खसरे से बचने का सबसे सुरक्षित और प्रभावी तरीका है टीकाकरण. एमएमआर वैक्सीन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है और संक्रमण को फैलने से रोकती है।

## शिमला समझौते पर पाकिस्तान का दिखा दो मुंही चेहरा पहले रक्षा मंत्री बोले मरा हुआ, अब..

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 1972 के ऐतिहासिक शिमला समझौते को 'मरा हुआ दस्तावेज' घोषित कर हलचल मचा दी। हालांकि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अगले ही दिन इस पर सफाई दी। मंगलवार को दिए एक इंटरव्यू में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा, शिमला समझौता अब एक मरा हुआ दस्तावेज है। हम 1948 की स्थिति में लौट आए हैं जब संयुक्त राष्ट्र ने एलओसी पर सीजफायर घोषित किया था। उन्होंने आगे कहा कि 卐 भारत की एकतरफा कार्रवाई, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना इस समझौते को निष्प्रभावी बना चुका है।आसिफ यहीं नहीं रुके। उन्होंने संकेत दिया कि अब भारत-पाक विवादों को द्विपक्षीय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय या बहुपक्षीय मंचों पर सुलझाया जाना चाहिए।लेकिन पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की सफाई से साफ है कि सरकार, रक्षा मंत्री के बयान से खुद को अलग कर रही है। यह बयान संभवतः अंतरराष्ट्रीय दबाव और द्विपक्षीय संबंधों में अनावश्यक तनाव से बचने की रणनीति के तहत आया है।

एक वरिष्ठ पाकिस्तानी विदेश अधिकारी ने बताया कि हाल की घटनाओं के चलते इस्लामाबाद में आंतरिक चर्चा जरूर हो रही है। लेकिन अब तक भारत के साथ किसी भी समझौते को रद्द करने की कोई औपचारिक कार्रवाई नहीं की गई है।

# जनपद में साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया बकरीद का त्यौहार

**चित्रकूट।** भाईचारे का त्यौहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) शनिवार को जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया।

जिला मुख्यालय निवासी इस्लामिक मामलों के जानकार फैजान-उल-हक ने बताया कि हमारे देश के अलावा किसी भी अन्य जगह पर ईद-अल-अजहा को बकरीद नहीं कहा जाता है। आज के दिन आमतौर पर बकरे की कुर्बानी दी जाती है, इसलिए हमारे देश में इसे बकरीद भी कहते हैं। आज के दिन बकरे को अल्लाह के लिए कुर्बान कर दिया जाता हैं। इस धार्मिक प्रक्रिया को फर्ज-ए-कुर्बान कहा जाता है। उन्होंने बताया कि रमजान की ईद के 70 दिनों बाद बकरीद मनाई जाती है। बकरीद को ईद-अल-अजहा या फिर ईद-उल-जुहा भी कहा जाता है। आज के दिन नमाज अदा करने के बाद बकरों की कुर्बानी दी जाती है। कुर्बानी पर गरीबों का खास ख्याल रखा जाता है। कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से किए जाते हैं। जिसका एक हिस्सा गरीबों को दिया जाता है, दूसरे हिस्से को दोस्तों व सगे सम्बन्धियों में बांटा जाता है और तीसरे हिस्से को खुद के लिए रखा जाता है। उन्होंने बताया कि ईद-अल-अजहा या बकरीद मनाए जाने के पीछे मुसलमानों का मानना है कि पैगंबर इब्राहिम की कठिन परीक्षा ली



गई थी। इसके लिए अल्लाह ने उनको अपने बेटे पैगम्बर इस्माइल की कुर्बानी देने को कहा था। इसके बाद इब्राहिम आदेश का पालन करने को तैयार हुए और बेटे की कुर्बानी से पहले ही अल्लाह ने उनके हाथ को रोक दिया। इसके बाद उन्हें एक जानवर जैसे भेड़ या मेमना की कुर्बानी करने को कहा गया। इस प्रकार उस दिन से लोग बकरीद को मनाते आ रहे हैं।

जिला मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह सहित ने तरौहां मस्जिद, बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, कजियाना मोहल्ला एवं काली देवी चौराहा का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसी प्रकार राजापुर, मानिकपुर व मऊ क्षेत्र में भी बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने तीन आरोपियों को 73 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

अभियान के तहत थाना मऊ के उपनिरीक्षक अनिल कुमार व आरक्षी नन्दलाल राम, गुड्डू यादव द्वारा आरोपी जगतनारायण निवासी अर्जुनपुर खण्डेहा थाना मऊ को 26 क्वार्टर के साथ, थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक राजेश कुमार राय व उनके हमराही आरक्षी ललित सोनी द्वारा आरोपी बुद्धराज निवासी ग्राम सुरसेन थाना सरधुवा को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा थाना राजापुर के उपनिरीक्षक अनुराग सिंह व उनके हमराही आरक्षी शुभम शर्मा द्वारा आरोपी राजीव मिश्रा निवासी पटना खालसा थाना राजापुर को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, आगामी सर्दियों में होना था विवाह, परिवार में मचा कोहराम



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 20 वर्षीय एक युवती ने गांव के बाहर खेत में लगे नीम के पेड़ पर कपड़े के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवती के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव की निवासी युवती रचना पुत्री भारत ने आज शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे गाँव के बाहर स्थित खेत में लगे नीम के पेड़ पर फाँसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब परिजनों सहित ग्रामीणों ने युवती रचना को फाँसी के फंदे से लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गये। परिजनों व ग्रामीणों ने बताया कि मृतका रचना का विवाह राठ कोतवाली क्षेत्र के औंडेरा गांव के निवासी युवक के साथ तय हो गया था। तथा आगामी सर्दियों में उसका विवाह भी होना था। वहीं ग्रामीणों ने अनुसार मृतका के शव के पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। वहीं अचानक कोई इस घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है तथा मृतका के भाई कौशल के अलावा अन्य सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जायेगा तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

### मुस्लिम जनों ने मांगी देश के लिए अमन चैन की दुआ

**मऊरानीपुर।** ईद -उल -अजहा का त्योहार मुस्लिम जनों ने बड़े ही उत्साह के साथ मनाया ईद -उल- अजहा की नवाज ईदगाह पर इफ्ताखारूल हसन मुक्ति साहब द्वारा मुस्लिम जनों द्वारा पढ़ाई गई इस मौके पर मुस्लिम जनों ने देश में अमन चैन के लिए अल्लाह तलाह से दुआ मांगी नमाज के पश्चात हिंदू भाइयों ने ईदगाह पर पहुंचकर मुसलमान भाइयों से गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे नई पोशाको में सजे धज कर चहते नजर आए सुबह 8:30 मुस्लिम जान ईदगाह पर जमा हो गए और उन्होंने ईद -उल -अजहा की नमाज अदा की इस मौके पर ईदगाह मस्जिदों की ओर जाने वाले रास्तों में पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था कराई गई और प्रमुख मार्गों पर चूने का छिड़काव कराया ईदगाह पर भारी पुलिसबल तैनात रहा इस मौके पर उप जिलाधिकारी क्षेत्र अधिकारी, कोतवाली प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका प्रतिनिधि आयुष श्रीवास पूर्व पालिकाध्यक्ष हरिश्चंद्र आर्य ,हाजी महमूद अहमद ,हाजी तुफैल अहमद जुम्मन मास्टर ,शमशाद अहमद, ज्यार अहमद चांद राईन, मुस्तफा खान, गुड्डू मिस्त्री ,फिरोज खान, इदरीश खां ,शब्बीर खान राजू नाना, कमरुद्दीन चाचा, हाजी सलीम भाई, ताज्जु ठेकेदार हाजी मकबूल हनीफ खां अफजल मंसूरी हाजी सुवराती सहित आदि मुसलमान जन एवं हिंदू भाई उपस्थित रहे।

## चित्रकूट के मजदूर परिवारों को फतेहपुर में कराया गया मुक्त

**चित्रकूट।** असंगठित मजदूर मोर्चा ने एक बार फिर 51, बच्चों, महिलाओं एवं मजदूरों को मुक्त कराया है। साथ की मामले की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि चित्रकूट के 13 परिवारों के 51 बाल एवं बंधुआ मजदूरों को अग्रिम राशि देकर फतेहपुर जिले के गाजीपुर थाने के नरतौली गांव में संचालित ईंट भट्ठा में काम करने का लालच देकर लाया गया था। मजदूरों के अनुसार वह लोग बीती 20 नवम्बर 2024 से आए और उन्होंने दिसम्बर 2024 से 30 मई 2025 तक काम किया, किंतु भट्ठा मालिक द्वारा बिना मजदूरी भुगतान किए उन लोगों को गाली-गलौज करते हुए भगाना शुरु कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट के जिलाधिकारियों और कानपुर के श्रमायुक्त को सूचित किया। इसके चलते बीते शुक्रवार को फतेहपुर का स्थानीय



प्रशासन मौके पर पहुंचा। जिसके बाद भट्ठा मालिक ने आधी-अधूरी मजदूरी देकर मजदूरों को डरा-धमकाकर भगा दिया। उन्होंने बताया कि मजूदर परिवारों में चित्रकूट जिले की कर्वी तहसील के पुरवा तरौहां गांव के निवासी अनुसूचित जाति के राजाराम उर्फ भुजा, उसकी पुत्री केता देवी, पुत्र सोनू उर्फ पुष्पराज, बहू कविता देवी, सेमरदहा गांव के निवासी राजबहादुर, उसकी पत्नी आंचल, पुत्र अजय, विजय व जीतू, बांदा जिले के ओरन क्षेत्र के पथरहा पुरवा निवासी नवल, उसकी पत्नी मालती देवी, पुत्री कोयली, सरैंया निवासी केशकरण, उसकी पत्नी रानी, पुत्री काजल, पुत्र प्रशांत, कछारपुरवा निवासी मुन्नीलाल, उसकी पत्नी राजरानी, पुत्र मनोज, बहू रानी देवी, पौत्री मानसी, कंचन, देविका, पौत्र गोलू व मुन्नू, सेमरदहा निवासी बलवीर उर्फ कृष्णा, उसकी पत्नी आरती देवी, पुत्र वरुण, सुशील, कैलहा निवासी सोहन, उसकी पत्नी शोभा, पुत्र रजनीश, पुत्री लक्ष्मी, सेमरिया चरणदासी निवासी अवधेश, उसकी पत्नी आरती देवी, पुत्री अनन्या, पुत्र जयंत, पड़रीमाफी शिवरामपुर निवासी श्रवण, उसकी पत्नी रुक्मणी, पुत्र रोहन, पुत्री दीक्षा, कसहाई निवासी राजू उर्फ रामचन्द्र, उसकी पत्नी ज्ञानमती, पुत्र हिमांशु, राजू, पुत्री मोनिका, इटखरी निवासी भइयालाल, उसकी पत्नी सुमन, पुत्री साधना, पूजा, अर्चना व पुत्र विजय बहादुर आदि शाामिल थें।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर किया हवन-पूजन



**चित्रकूट।** विश्व हिंदू महासंघ के अध्यक्ष हरी नारायण सिंह ने धर्मनगरी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान मंदिर में हवन-पूजन करने के बाद भंडारे का आयोजन कराया। उन्होंने बजरंग बली से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज की लम्बी आयु की कामना की। इस मौके पर पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्रा, अविनेश त्रिपाठी, नरेन्द्र पाण्डेय, भावध दास, जितेन्द्र तिवारी, मुन्नी महराज, विजय महराज, प्रवेन्द्र शुक्ला, संतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को दिया गया सिलाई प्रशिक्षण

**बांदा।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिसंडा में छात्राओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही क्राफ्ट की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को कपड़े की कटिंग व डिजाइनिंग सिखाई गई, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। बच्चों ने उत्साह के साथ अभ्यास किया और खुद के बनाए सुंदर डिजाइनों पर खुश नजर आईं। छात्राएं खुशबू, अंजू, रश्मि और राशी ने आकर्षक डिजाइन तैयार किए जिन्हें सभी ने सराहा। इस अवसर पर योग अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षक सुनीता देवी पटेल ने छात्राओं को प्रतिदिन योग करने की सलाह दी और कहा कि योग से शरीर निरोगी रहता है और मन शांत रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि सिलाई-कढ़ाई जैसे कौशल छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर करते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्या सुमन सरोज सहित आदि मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा स्फटिक शिला में चलाया गया सफाई अभियान

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा शुरु किए गए मंदाकिनी नदी सफाई अभियान के तहत शनिवार को स्फटिक शिला घाट और उसके आसपास सफाई अभियान चलाया है। जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने श्रमदान किया।

ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ मंदाकिनी नदी को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत शनिवार को



पर्यावरण पाठ्यक्रम के शोधार्थी और विद्यार्थी, राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वयंसेवक, विश्वविद्यालय के शिक्षक, चित्रकूट के स्थानीय नगारिक, तथा साधु-संतों ने स्वच्छता एवं सफाई के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर श्रमदानियों ने नदी में उपजे शैवाल, पॉलीथिन, नदी में विसर्जित मूर्तियों, नदी जल ने डाले गए पूजा सामग्रियों आदि को बाहर निकाला। स्वच्छता कार्यक्रम में ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो शशिकांत त्रिपाठी, डॉ साधना चौरसिया, राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के संयोजक डॉ उमेश शुक्ला आदि मौजूद रहे। ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार के श्रमदानियों को संबोधित करते हुए कामदगिरि प्रथम मुखारविंद के संत डॉ मदन गोपाल दास ने इस अभियान की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया।


## दिनदहाड़े बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी के घर में घुसकर चाकू की नोक पर 8 लाख रुपये के आभूषण लूटे, राठ में अपराधों की आई बाढ़



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के मियापुरा कोटबाजार इलाके में आज शनिवार की दोपहर करीब 2:30 बजे दो अज्ञात बदमाशों ने एक सर्राफा व्यापारी के घर में घुसकर घर में मौजूद सर्राफा व्यापारी की पत्नी को चाकू की नोक पर डराते हुए अलमारी के लॉकर में रखी करीब 100 ग्राम सोने की ज्वेलरी लूट कर फरार हो गए। वहीं बदमाशों के घर में घुसने और भागने की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। घटना की जानकारी लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहीं दिनदहाड़े हुई इस घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। वही यह घटना अब पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। पीड़ित सर्राफा व्यापारी ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

राठ कस्बे के सर्राफा व्यापारी प्रमोद सर्राफ पुत्र स्वर्गीय नारायण दास ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 2:25 पर दो बदमाशों ने उसके घर में घुसकर उसकी पत्नी माया देवी को चाकू की नोक पर बंधक बनाकर अलमारी के लॉकर में रखी करीब 100 ग्राम सोने की ज्वैलरी लूट ली गई है। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि उक्त ज्वैलरी की कीमत करीब 10 लाख रुपए थी। बताया कि उसने कोतवाली पुलिस से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं बदमाशों के घर में घुसने और बाहर निकलने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें स्पष्ट तौर पर बदमाशों को मकान के अंदर घुसते और बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना की गहनता से जाँच पड़ताल कराई जा रही है। तथा आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

## बुंदेलखंड की सबसे खूबसूरत ऐतिहासिक ईदगाह में अदा हुई बकरीद की नमाज, हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने पढ़ी नमाज, माँगी अमन चैन व मुल्क की तरक्की की दुआ



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे की शानदार, बेमिसाल और ऐतिहासिक ईदगाह में आज शनिवार सुबह करीब 8:00 बजे बकरीद (ईद उल अजहा) की नमाज अदा की गई। शहर पेश इमाम मौलाना शाकिर अली ने अपने निर्धारित समय पर बकरीद (ईद उल अजहा) नमाज अदा कराई। नगर की ईदगाह में हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने बकरीद (ईद उल अजहा) की नमाज अदा कर अमन चैन व मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी। बकरीद की नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने एक दूसरे के गले लगा कर बकरीद (ईद उल अजहा) की मुबारकबाद दी।

शहर पेश इमाम मौलाना शाकिर अली ने सभी नगर वासियों और देश वासियों को बकरीद (ईद उल अजहा) पर्व की मुबारकबाद व शुभकामनाएं देते हुए लोगों को यह पैगाम दिया कि बकरीद (ईद उल अजहा) के मौके पर कुर्बानी बंद जगह पर की जाए तथा खुले में कुर्बानी कतई ना दी जाए। तथा कुर्बानी देने का वीडियो बनाकर उसे वायरल भी नही किया जाना चाहिए। कुर्बानी अदब और एहतराम के साथ बंद जगह पर दी जाए। तथा रास्तों और नालियों में खून खराबा ना किया जाए ना ही कुर्बानी से संबंधित कुछ फेंका जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि आज बकरीद के मौके पर उन्होंने व सभी नमाजियों ने शहर और मुल्क में अमन चैन कायम रखने व देश की तरक्की की दुआ मांगी है। उन्होंने कहा कि यह मुल्क हमेशा हरा भरा रहेगा। साथ ही उन्होंने सभी धर्म के लोगों को शांति और सदभाव के साथ रहकर सभी त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी के अलावा उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक सहित नगर पालिका परिषद की टीम वह पुलिस बल के अलावा समाजवादी पार्टी की चंद्रवती सहित सपा नेता दानिश खान सहित अन्य तमाम सियासी लोग मौजूद रहे।

## » न्यूज कैप्सूल »

### तेज रफ्तार टैक्सी की टक्कर से महरौनी में बाइक सवार सिपाही घायल

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के स्थानीय कस्बे में बाइक से जा रहे एक सिपाही को तेज रफ्तार टैक्सी ने जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुआ था। उक्त घटना में एक महीने बाद सिपाही की शिकायत पर टैक्सी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कोतवाली महरौनी में तैनात कांस्टेबल प्रदीप कुमार पुत्र ब्रह्मादीन दोहरे निवासी जनपद इटावा दिनांक 8 मई 2025 को स्थानीय कस्बे में ड्यूटी कर रहा था। बताया गया है कि इसी दौरान रात्रि करीब 8ः30 बजे जब वह महरौनी कस्बे के भारत पेट्रोल पंप के पास अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक यूपी 94 एए 5951 से जा रहा था, तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित गति से आती हुई टैक्सी क्रमांक यूपी 94 आई 8220 ने पुलिस कर्मी की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। इस सड़क हादसे में सिपाही गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उक्त मामले को लेकर कांस्टेबल ने करीब एक महीने बाद कोतवाली महरौनी को शिकायती पत्र देकर टैक्सी के अज्ञात चालक के खिलाफ 281, 125ए 125बी 324(4) धाराओं में मामला पंजीकृत कराया।

### पुराने विवाद को लेकर घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप पीड़ति महिला की शिकायत पर चार विपक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बानौली में पुरानी विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच उत्पन्न हुए विवाद के दौरान एक पक्ष के चार लोगों ने मिलकर एक राय होकर विपक्षी महिला के घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ति महिला के शिकायती पत्र पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम बानौली निवासी श्रीमती स्वाति पत्नी गंगाराम यादव ने थाना जखौरा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसके परिवार का पुराना विवाद गांव में ही रहने वाली विपक्षी निलेश पुत्र अमान सिंह आदि से चलता है, जिस कारण और परिवार उससे रंजिश भी रखता है। इसी रंजिश के चलते दिनांक 4 जून 2025 को शाम करीब 3ः00 बजे निलेश और उसके परिजनों उसके साथ गाली गलोज करना शुरू कर दिया। जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने घर में घुसकर सरेआम मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थाना जखौरा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ति महिला के शिकायती पत्र पर चारों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत किया है।

### अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ गाली-गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गेंदोरा में एक विवाहिता ने अपने पति सहित पांच ससुराली जनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करते हुए गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में विवाहिता के शिकायती पत्र पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम गेंदोरा निवासी श्रीमती माया पत्नी सेंदपाल यादव ने थाना बार पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसकी शादी उसके पिता घनश्याम ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार यथाशक्ति दान दहेज देकर 4 वर्ष पूर्व उसके पति सेंदपाल पुत्र भगवान सिँह यादव से संपन्न कराई थी। लेकिन उसका पति और अन्य ससुराली जन पिता द्वारा दिए गए दान दहेज से खुश नहीं थे और अक्सर उसे अतिरिक्त दहेज में एक मोटरसाइकिल और नगदी मांग को लेकर प्रताड़ित करते रहते थे। अदरक दहेज की मांग को लेकर उसका पति ससुर के साथ-साथ देवर सहदेव सास मती गिरजा देवरानी प्रवेश आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। ससुराल की प्रताडना के चलते वह अपने मायके चली गई थी। इसके बाद दिनांक 6 जून 2025 को वह अपने पिता के साथ दोपहर करीब 2ः00 जब अपनी ससुराल पहुंची, तब दहेज की मांग को लेकर उपर्युक्त सभी ने उसके और उसके पिता के साथ जमकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। थाना बार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर विवाहित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर पति सहित सभी पांचो आरोपियों के खिलाफ 85, 115(2), 352, 351(3) तथा 4 डीपी एक्ट में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ करती है।

### पुत्री का इलाज करते समय महिला और उसकी बेटी को दबोचकर पति ने गाली गलौज मारपीट कर दी धमकी

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला नेहरू नगर में रहने वाले दंपति के बीच उत्पन्न हुए पारिबारिक विवाद में पति ने पत्नी और बच्ची को उस समय दबोचकर गाली-गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी, जब वह जिला चिकित्सालय परिसर में पुत्री का इलाज करते समय मौजूद थी। घटना के संबंध में पीड़ति महिला की शिकायती पत्र पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मोहल्ला नेहरू नगर निवासी मजरूबा सुभराती यादव उर्ड़ निशा यादव पत्नी जय हिंद यादव ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसकी पुत्री गंभीर बीमारी से पीड़ति है जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा था। दिनांक 5 जून 2025 को शाम करीब 4ः00 जब वह अपनी पुत्री का जिला चिकित्सालय में इलाज कर रही थी तभी वहां पर उसका पति जय हिंद पुत्र स्वर्गीय हुकुम सिंह यादव आ धमका और उसके साथ श्री हम गाली-गलौज करने लगा।

# निरंजनी अखाड़ा के महांत के प्रवास के उपलक्षय में नगर में निकली भव्य सशस्त्र संन्यासी पदयात्रा



**ललितपुर।** शिवशक्ति अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं निरंजनी अखाड़ा के महंत श्री मधुराम शरण शिवाजी महाराज का नगर ललितपुर में तीन दिवसीय प्रवास अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस प्रवास में सनातन धर्म और सामाजिक समरसता की भावनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रवास के दौरान 5 जून को एक विशाल व भव्य सशस्त्र संन्यासी पदयात्रा निकाली गई, जिसमें संन्यासियों ने पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए सनातन संस्कृति की रक्षा और जागरूकता का संदेश दिया। नगरवासियों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया और धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

6 जून को धर्मयोद्धा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बैठक में हिंदू समाज की एकता, धर्म रक्षा, युवा पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने और लव-जिहाद, धर्मांतरण जैसी समस्याओं से निपटने के उपायों पर गंभीर चर्चा हुई। महंत श्री मधुराम शरण शिवाजी महाराज ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा,यह समय धर्म की रक्षा और संगठन की शक्ति को जाग्रत करने का है। जब तक हम संगठित नहीं होंगे, तब तक धर्म पर संकट बना रहेगा। सभी जातियों के अलग अलग संगठन अपनी जाति के लोगों के विकास की योजनाएं बना कर उन्हें समृद्ध करे किन्तु यह भी ध्यान रखें कि अन्य जातियों के प्रति विद्वेष न पालें. अहंकार छोड़ कर अपनी जाति और महापुरुषों पर गर्व करें. यदि आपके पास लायसेंसी शस्त्र है तो वड़्त पर उसका उपयोग करें. उपयोग करने का समय समय पर अभ्यास भी करते रहें. अपनी जातियों के कौशल युक्त व्यवसाय छोड़े नहीं उन्हें बड़ावा दें. यदि ऐसा करेंगे तभी हम हिन्दू राष्ट्र का सपना पूरा कर पाएंगे. धार्मिक आयोजनों पर होने वाले व्यय को अपव्यय बताते हुए उन्होंने दुर्गा समिति, गणेश उत्सव समितियों को सुझाव दिया कि व्यय करते समय ध्यान रखें कि आपका पैसा किसके पास जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सुधांशु शेखर हुण्डेत,अध्यक्ष गहोई सेवा समिति शरद खैरा, नवल किशोर सोनी, भरत रिछारिया, रामेश्वर मालवीय, शुभम कौशिक, प्रमोद साहू, कार्यक्रम संयोजक इ.हाकिम सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता गन्धर्व सिंह लोधी, धर्म जागरण जिला संयोजक विनोद शर्मा, सह संयोजक बृजेन्द्र सिंह गौर, नितिन पाराशर, संजय जैन राजू सेठ, विकाश श्रीवास्तव,डग्गी राजा जैरवारा, डॉ. जगवीर सिंह, सुबोध गोस्वामी, नरेन्द्र पाठक, अशोक कुरेले, प्रमोद गुप्ता, सी.एल. गुप्ता, ओ.पी. गुप्ता, सतीश कुरेले, सुलभ सुहाने, सुदामा गुप्ता, प्रशांत तिवारी, राजकिशोर रावत, शुभम गुप्ता, प्रशांत श्रीवास्तव, सौरभ राजा, शुभम कुशवाहा,अमन सोनी,सुमित कुशवाहा, मोहित रैकवार, निक्की रैकवार आदि सैकड़ों सनातनी बंधु एवं संगठनों ने समन्वय स्थापित कर व एकमत होकर धर्म रक्षा और समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## जमीनी विवाद में महिला के घर में घुसकर जाति सूचक शब्दों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

### पीड़िता की शिकायत के बाद एसपी के आदेश पर दबंग आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर।** गांव में दो लोगों के बीच चल रहे पुराने जमीन विवाद को लेकर दबंग विपक्षी ने महिला को उस समय उसके ही घर में अकेला दबोच लिया, जब उसका पति रिश्तेदारी में गया हुआ था। इस दौरान दबंग ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया और मारपीट करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ एससी एसटी एक्ट मामला दर्ज कराया।

ग्राम उलदना खुर्द निवासी श्रीमती रेखा पत्नी कल्यान ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 27 मई 2025 को उसका पति रिश्तेदारी में शादी संबंध के लिए गया हुआ था और वह घर में अकेली थी। इसी दौरान पुराने जमाने विवाद को लेकर सुबह 9ः00 बजे गाँव ही रहने वाला दबंग प्रवृत्ति का विपक्षी अजब यादव पुत्र तुलसीराम अपने हाथ में अवैध तमंचा लेकर उसके दरवाजे पर आया और लात मारते हुए घर के अंदर घुस गया। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षी कि इस हरकत पर विरोध जताया, तो दबंग ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए उसके साथ जमकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इसके साथ ही पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से रफू चक्कर हो गया। थाना मदनपुर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ति महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद दबंग विपक्षी के खिलाफ 115(2), 333, 352, 351(3) तथा 3(1) द ध एससी एसटी एक्ट में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## झाँसी हाइबे पर तेज रफ्तार अनियंत्रत डीसीएम ने बाइक सवार रेलवे कर्मचारी सहित को रौंदा

### सीएचसी में पति को किया मृतक घोषित, पत्नी को गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज किया रेफर





**ललितपुर।** झांसी नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम ने एक रेलवे कर्मचारी की बाइक पर सवार दंपति को रोंद दिया। इस सड़क हादसे में रेलवे कर्मचारी पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया गया है कि मृतक कर्मचारी ड्यूटी से लौटकर पत्नी को लेकर अपने पत्र गांव मडवरा जा रहा था।

थाना मड़ावरा क्षेत्र के स्थानीय कस्बा निवासी 35 वर्षीय सुनील पुत्र मंगलदास रेल विभाग में झांसी में तैनात था, जहां वह अपनी 27 बर्षीय पत्नी सुनीता के साथ रह रहा था। बताया गया है कि शनिवार और रविवार दो दिन की छुट्टी होने के कारण वह अपनी बाइक पर पत्नी को लेकर अपने पैतृक ग्राम मड़ावरा के लिए निकला था। बताया गया है कि शनिवार की सुबह जैसी ही वह तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत झाँसी हाइवे 44 पर स्थित बाईपास माताटीला कट के पास पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात डीसीएम गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और बाइक सवार दंपति को रोदती हुई घटनास्थल से रफू चक्कर हो गई।

इस सड़क हादसे में बाइक सबार दंपति गंभीर रूप से लहु-लूहान होकर घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट में भर्ती कराया गया। जहां सीएचसी में डॉक्टरी परीक्षण के दौरान पति को मृतक घोषित कर दिया गया, तो पत्नी को गंभीर हालत में प्रार्थीमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## जनपद में भोले भाले लोगों को नौकरी का झांसा देकर ठगने वाले 25-25 हजार के इनामिया दो ठग चढ़े पुलिस के हत्थे

### डेयरी फार्म खुलवाने और लोन दिलाने के नाम पर ऑनलाइन करते थे धोखाधड़ी का काम

### अभियुक्तों के पास से दो मोबाइल के साथ नगदी भी हुई बरामद



**ललितपुर।** करीब एक वर्ष पूर्व साइबर थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में बांछित दो शातिर साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। अभियुक्तों की कब्जे से दो मोबाइल और नगदी भी बरामद हुई है।

साइबर अपराध के दर्ज मामले को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक्ष मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी, साइबर क्राइम सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/2024 धारा 316(2)/318(4) ब्हस् व 66ष्/66ष्ठ ढ्ढञ्ज,ष्ट्रञ्ज में वाछिंत अभियुक्तगण पुष्पेन्द्र उर्फ कल्लू राजा पुत्र राजेन्द्र सिंह एवं चाहत राजा पुत्र अफसर राजा निवासीगण ग्राम सीरोनखुर्द थाना जखौरा को ग्राम शिवनी की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार कर, न्यायायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय भेजा गया है। बताया गया है कि वादी मुकदमा द्वारा थाने पर प्रार्थना- पत्र देकर अवगत कराया था कि अभियुक्तगण द्वारा धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से , वादी को डेयरी फार्म खुलवाने में सरकारी पैसा दिलाने का झांसा देकर, उसका खाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खुलवाकर, उक्त खाते में किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नम्बर रजिस्ट्रर्ड कराकर,खाते का प्रयोग साइबर अपराध के रूप में किया गया था। अभियुक्ततों को पकड़ने के लिए उन पर 25-25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। बताया गया है कि अभियुक्ततों के पास से 02 अदद मोबाइल विभिन्न कम्पनियों के और 2520 रूपये नगद बरामद किये गये । अभियुक्ततों को गिरफ्तार करने वाली टीम में नि0 कृष्णदेव यादव , प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मय टीम के मौजूद रहे।

## प्रदर्शन के तीसरे दिन एक्सईएन जल संस्थान को हटाए जाने की उठी मांग




### पेयजल किल्लत को लेकर नागरिक विकास मोर्चा के तत्वावधान में जारी है धरना प्रदर्शन

**ललितपुर।** शहर में बीते चार महीनों से भारी पेयजल किल्लत बनी हुई है। इस समस्या के निस्तारण की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा का लगातार तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। धरने के दौरान जल संस्थान के अधिशासी अभियंता शिवराज वर्मा को हटाए जाने के की जिला प्रशासन से मांग की गई।

शनिवार को स्थानीय नगरपालिका परिषद के सामने प्रांगण में धरना प्रदर्शन करते हुए पार्षद एड मनमोहन चौबे ने कहा कि शहर में पानी की कोई कमी नहीं है, गोविंद सागर बांध में पर्याप्त मात्रा में पानी है। लेकिन जल संस्थान के अधिकारी सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं के इशारे पर शहर में पेयजल किल्लत जबरन बनाए हुए हैं। इसका कारण यह है कि सत्ता पक्ष के एक नेता के नाम पानी के टैंकरों का ठेका है, पानी टैंकरों से सप्लाई हो तभी तो उन्हें मुनाफा होगा, यही वजह है कि जल संस्थान के अधिशासी अभियंता उनसे मिले हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है एक दिन में करीब 50 हजार रुपए तक का पानी टैंकरों से सप्लाई किया जाता है, पानी सप्लाई में उन्होंने बड़े घोटाले की आशंका जताई है। इसको लेकर उन्होंने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता शिवराज वर्मा को पद से हटाए जाने की मांग की है। वहीं नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरि बाबू शर्मा ने कहा कि जब तक पेयजलापूर्ति सुचारू नहीं होती तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों पर जानबूझकर जल संकट पैदा करने के आरोप लगाए हैं। इस दौरान हरपाल सिंह चंदेल, सचिदानंद गोलवानी, बलराम पचौरी, अशोक कुमार स्वर्णकार, प्रमोद कुमार व्यास, ओमप्रकाश, शिव कुमार तिवारी, राजकुमार शर्मा, अमित दीक्षित, ध्रुव राजा, जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सोलह दिवसीय अरिष्ट निवारक शांतिनाथ विधान का दिव्य आयोजन

### नवागढ़ में बह रही है भक्ति की बयार-



**ललितपुर।** प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ की पुण्यधरा पर इन दिनों भक्ति और साधना की सुरभित बयार बह रही है। तीर्थक्षेत्र में चल रहे 16 दिवसीय अरिष्ट निवारक शांतिनाथ विधान का ब्र. जयकुमार निशांत भैया जी के निर्देशन में आयोजन श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह विधान 28 मई से 12 जून 2025 तक चलेगा। कमेटी के प्रचारमंत्री डॉ सुनील संचय ने बताया कि आयोजन स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर पूजन, अर्घ्य, स्तवन और आराधना में लीन हो रहे हैं।

इस विशेष विधान का शुभारंभ मंगलाचरण, कलश यात्रा और शांतिधारा के साथ हुआ, जिसमें महिला मंडल, युवा वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों ने पूरे श्रद्धाभाव से सहभागिता की। प्रतिदिन प्रात:कालीन पूजन विधि, विधानाचार्य ब्र. पारस भैया, ब्र. संतोष भैया के निर्देशन में मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हो रही है। साथ ही प्रतिदिन प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

विधान के प्रमुख उद्देश्य ञ निर्देशक ब्र. जयकुमार निशान्त ने बताया कि इस विधान के माध्यम से भगवान शांतिनाथ की आराधना कर जीवन में शांति, समृद्धि और संयम की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।श्री शांतिनाथ भगवान का यह अनुष्ठान श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बन रहा है और जनमानस में नवचेतना का संचार कर रहा है।

अतिथियों का स्वागत नवागड़ तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट सनत जैन, महामंत्री वीरचन्द्र जैन,इंजी. शिखरचंद्र जैन, आनंदी लाल लुहर्रा, अशोक मैनवार आदि ने किया।

आभार महामंत्री वीरचन्द्र जैन नेकौरा ने व्यक्त किया। आयोजन के लिए परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज, आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज, गणिनी आर्यिकारत्न स्वस्तिभूषण माता जी, गणिनी आर्यिका आर्षमती माता जी का मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।

## जंगल में लकड़ी काटने गए ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, शव भेजा पीएम हाउस

### परिजनों ने किसी जहरीले कीड़े के काटने से मौत होने की जताई आशंका,

**ललितपुर।** थाना जाखलौन के अखाड़ा मोहल्ला में रहने वाले एक ग्रामीण की उस समय मौत हो गई, जव वह अपने घर से जंगल की तरफ लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था। ग्रामीण का शब एक पेड़ के नीचे मृतक अवस्था में पड़ा मिला, जिसके संबंध में उसकी परिजनों ने जहरीले कीड़े के काटने से मौत होने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा जाखलौन के अखाडा मुहल्ला निवासी 36 वर्षीय किसन पुत्र दयालीराम धानुक शुक्रवार की सुबह करीब 8ः30 बजे अपने घर से जंगल की तरफ मोटरसाइकिल और ग्राम सैपुरा के जंगलों में लकड़ी काटने की औजार लेकर लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। जब वह शाम तक घर वापस नहीं लौटा, तब उसके परिजनों ने उक्त घटना की सूचना पुलिस को दी और स्वयं उसे ढूंढने का प्रयास किया। इसके बाद शनिवार को परिजनों को ढूंढते समय सैपुरा से धोर्रा की ओर जाने वाली सड़क पर एक महुआ के पेड के नीचे मृतक अवस्था में पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया परिजनों ने आशंका जताई है कि लकड़ी काटते समय किसी जहरीले कीड़े के काटने से उसकी मौत हुई होगी। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की बात कर रही है। यह भी बताया गया कि मृतक के पास उसकी कुल्हाड़ी और उसकी मोटरसाइकिल भी पड़ी मिली। परिजनों ने बताया कि मृतक का शरीर नीला पड़ गया था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत सांप या किसी अन्य जहरीले कीड़े के काटने से हुई होगी, या फिर तेज गर्मी में जमीन पर लेटने के कारण हुई होगी। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

### बुजुर्ग महिला से ठगी, मोटरसाइकिल पर बैठाकर सोने की पुगरिया छीनी

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के कुआगांव में एक बुजुर्ग महिला से ठगी का मामला सामने आया है। महिला सब्जी खरीदने बाजार गई थीं, तभी एक अज्ञात युवक ने गांव छोड़ने का झांसा देकर उन्हें मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। रास्ते में आरोपी महिला की सोने की पुगरिया छीनकर फरार हो गया। पीड़ति ने बानपुर थाने में रिपोर्ट दी है।

# त्याग और बलिदान का बड़ा पर्व मनाये जाने वाला ईद उल अजहा का त्यौहार बड़ी ही धूम धाम मनाया





### ईदगाह पर ड्रोन कैमरा से नजर रखे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश पाल

### शान्ति, अमन,भाईचारा की दुआ मांगी

**झांसी।** त्याग और बलिदान का बड़ा पर्व माना जाने वाला ईद उल अजहा का त्यौहार बड़ी ही धूम धाम से व हर्ष उल्लास के साथ मनाया। बाहर दतिया गेट स्थित मुख्य ईदगाह में प्रात: काल से ही लोगों का ईदगाह की ओर जाना प्रारम्भ हो गया। मुख्य ईदगाह में शहर काजी व पेश इमाम ईदगाह मुफ्ती साबिर कासमी द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गयी। नमाज के पूर्व शहर काजी व पेश इमाम ईदगाह मुफ्ती साबिर कासमी द्वारा ईद उल अजहा का त्यौहार के मनाये जाने के बारे में विस्तार से बताया तत्पश्चात नमाज का तरीका बताने के बाद ईद की नमाज अदा कराई गयी। नमाज के बाद मुल्क में शान्ति व अमन एवं भाईचारा कायम रखने के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। पुरानी ईदगाह में हाफिज मोहम्मद कासिफ ने ईद की नमाज अदा कराई। इसके बाद शहर की मरकज मस्जिद, इमामबाड़ा, पुलिया नंबर नौ, नगरा सहित सभी इलाकों में स्थित मजसजिदों में नमाज अदा कराई गई। इस दौरान नमाज ओर त्यौहार के पर्व पर कोई अराजकता न फैलाए इसको लेकर पुलिस, जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा ओर ईदगाह सहित मस्जिद तथा मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भारी पुलिस बल सुरक्षा में मुस्तैद रहा। ईदगाह में प्रमुख रूप से ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष कारीहसीब अहमद, महामंत्री याकूब अहमद मंसूरी ईदगाह तहफ्फुज कमेटी के अध्यक्ष नूर अहमद मंसूरी एडवोकेट,नपा सभासद सुलेमान अहमद मंसूरी,शकील खान, तवरेज खान एडवोकेट, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह नगर मजिस्ट्रेट कोतवाल राजेश पाल एलआईयू इंसपेक्टर नीरज दीक्षित आदि ने ईदगाह में उपस्थित लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। आभार ईदगाह कमेटी के महामंत्री याकूब अहमद मंसूरी एडवोकेट द्वारा व्यक्त किया गया।

## अवैध शराब के कार्य में संलिप्त माड़ियाओं तस्करों पर गैंगस्टर गुण्डा एक्ट की करे कार्यवाही: डीएम

### अवैध शराब के निर्माण,बिक्री ,तस्करी के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने को लेकर टीम गठित



**झांसी।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल शीरा के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत आबकारी विभाग को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। 15 दिवस में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीमों का गठन किया, टीम का नेतृत्व उप जिलाधिकारी करेंगे। इसके अतिरिक्त टीम में क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं संबंधित क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक को शामिल किया गया हैं। जिलाधिकारी ने अपनी मंशा स्पष्ट करते हुए निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी तरह की कोई भी गड़बड़ी न हो। इसके लिए गठित टीम क्षेत्र में लगातार सतत निगरानी करते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गठित टीमों का अभियान के दौरान जीएसटी , परिवहन विभाग, आरपीएफ,आरएएफ का भी यथावश्यक सहयोग करना सुनिश्चित करेंगें। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं तस्करों की जो सूची तैयार उपलब्ध कराई गई है, गठित टीम उनके विरूद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से गैंगस्टर गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उनकी सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गठित टीम को संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग करने के साथ ही राष्ट्रीय राज्य राजमार्गो पर स्थित ढाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्राय: रूकते है, की भी सघन एवं आकस्मिक जांच करने निर्देश दिए। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही अवश्य की जाये। पकड़े गये अभियोगों में आबकारी अधिनियम की विद्यमान धाराओं के साथ-साथ आवश्यकतानुसार आईपीसी की सुसंगत धाराओं में भी एफआईआर दर्ज करायी जाय। इसके अतिरिक्त विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेक लिस्ट के अनुसार किया जाये तथा दुकान पर स्थित स्टॉक के बारकोड व क्यूआरकोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कतापूर्वक जांच की जाय। उन्होंने कहा यदि किसी भी स्थान पर बिना वैध परमिट के मदिरा पान का प्रकरण पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

## मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को दिए निर्देश



**झांसी।** प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और राज्य में चल रहे विकास कार्यों को तेज करने तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निर्देश दिए।अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित परिवारों को लाभार्थीपरक योजनाओं से जोड़ने के कार्य को तेज करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत दुधारू गाय प्रदान की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय कार्ड के लिए पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु विभाग द्वारा 15 से 21 जून के बीच ग्राम पंचायतों में खुली बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में अपात्र कार्ड धारकों को सूची से हटाने की कार्यवाही भी की जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती के संबंध में उन्होंने कहा कि कोर्ट केस व शिकायतें आदि से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कर भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं का सत्यापन कार्य चल रहा है। सत्यापन प्रक्रिया को तेजी से पूरा कर कराया जाये, ताकि पहली त्रैमासिक किस्त को समय पर उनके खातों में हस्तांतरित किया जा सके। उन्होंने प्रत्येक जिले में एक नदी या जलस्रोत का चयन कर उसे पुनरुद्धार व पुनर्जीवित करने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव महिला कल्याण श्रीमती लीना जौहरी, आईजी रजिस्ट्रेशन समीर वर्मा सहित एनआईसी झाँसी में मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग दीपंकर चौधरी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### गोंडवाना एक्सप्रेस का दतिया स्टेशन पर ठहराव

**झांसी।** यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 12409/12410 - हजरत निजामुद्दीन - रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस एक्सप्रेस को *दतिया रेलवे स्टेशन* पर प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान किया जा रहा है। यह सुविधा 10 जून 2025 से प्रभावी होगी। गाड़ी संख्या 12410 हज़रत निजामुद्दीन - रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस का दतिया स्टेशन पर ठहराव 10 जून 25 समय 20-20- 20-22 बजे से प्रभावी होगा। वहीं गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़ - हज़रत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस का दतिया स्टेशन पर ठहराव 12 जून 25 समय 00-01- 00-03 बजे होगा ढ्ढ दतिया में ठहराव के कारण गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़ - हज़रत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस ग्वालियर में 12 जून 25 से 00.43-00.45 बजे के स्थान पर 00.48-00.50 बजे अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेगी। रेल प्रशासन समस्त यात्रियों से अनुरोध करता है कि इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाएँ एवं सुरक्षित, समयबद्ध तथा आरामदायक यात्रा का अनुभव प्राप्त करें।

## थापक बाग फिल्टर रोड पर अधूरा पडा नाले का कार्य सड़क पर बहता गंदा पानी



**झांसी।** थापक बाग फिल्टर रोड पर अधूरा पडा नाले का कार्य होने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे न केवल गड्ढे हो गए हैं बल्कि चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। हाल ही में बनी सड़क फिर बदहाली हो गयी। हाल ही में दतिया गेट से फिल्टर रोड पर नई सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन इस विशेष हिस्से को छोड़ दिया गया। विडंबना यह है कि इसी रोड पर जल संस्थान का कार्यालय होने के बावजूद, सबसे ज्यादा पानी की पाइपलाइनें टूटी हुई पडी है, जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। नई सड़क बनने के बावजूद, नाले का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे गंदा पानी सड़क पर लगातार बह रहा है। नाले के पानी का कोई उचित निकास न होने के कारण यह समस्या और गंभीर हो गई है, जिससे आम जनता को आवागमन में परेशानी हो रही है। फिल्टर रोड क्रॉसिंग पर एक मस्जिद और कब्रिस्तान भी है, जहाँ लोगों का आना-जाना रहता है। ऐसे में सड़क पर बहता गंदा पानी और गंदगी लोगों के लिए और भी असुविधाजनक हो जाती है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की है ताकि उन्हें गंदगी और बदहाल सड़क से निजात मिल सके।

## साउथ कोरिया में झांसी की शीलू ने लहराया परचम




### सांसद ने विजेता शीलू को दी प्रोत्साहन राशि

**झांसी।** साउथ कोरिया में आयोजित इंटरनेशनल हाफ मैराथन में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली झांसी की होनहार धाविका शीलू यादव को आज झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने अपने संसदीय कैंप कार्यालय में विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसदने शीलू यादव को बुंदेलखंड की गौरवशाली बेटी बताते हुए उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल शीलू के लिए बल्कि पूरे झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र और बुंदेलखंड के लिए गर्व की बात है। शीलू यादव को प्रोत्साहन स्वरूप 11,000 की राशि भी सांसद द्वारा भेंट की गई। उन्होंने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां हमारी बेटियों को आगे बड़ने की प्रेरणा देती हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती हैं। सांसद श्री शर्मा ने यह भी कहा कि शीलू जैसी बेटियाँ हमारे क्षेत्र की असली श्ब्रांड एम्बेसडरश् हैं। उन्होंने परिश्रम, साहस और आत्मविश्वास की मिसाल पेश की है। हमें गर्व है कि हमारे क्षेत्र की बेटियाँ आज वैश्विक मंच पर भारत का नाम रोशन कर रही हैं। इस सम्मान समारोह के दौरान शीलू यादव ने भी अपने अनुभव साझा किए और सांसद द्वारा दिए गए स्नेह और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।

### झांसी रेल मंडल, 14वें पुल पर प्रतिस्थापन कार्य संपन्न

**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में मंडल के झाँसी-कानपुर रेल खंड के लालपुर - पामन स्टेशन के मध्य डाउन लाइन के मध्य 1308/1 पर स्थित 1*0.61 मीटर आकार के पुराने स्टोन स्लैब ब्रिज को आधुनिक आरसीसी बॉक्स (1.9× 2.2 मीटर) से सफलतापूर्वक प्रतिस्थापित किया गया। इस कार्य के लिए कुल 4.5 घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया गया। निर्धारित समय पर कार्य पूरा किया गया। यह डीएफसी (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) फीडर रूट पर प्रतिस्थापित किया गया 14 वां ब्रिज है। इस महत्त्वपूर्ण कार्य से भारी मालगाड़ियों के संचालन में आने वाली बाधाएं दूर होंगी, जिससे रेलवे का संचालन और अधिक सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध होगा।

### खरीफ मौसम में टमाटर की खेती से पाएं अधिक लाभ

**झाँसी।** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार सिंह ने किसानों को खरीफ सीजन में टमाटर की खेती की तैयारी शुरू करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि टमाटर का उपयोग सब्ज़ियों, टोमेटो सॉस एवं अन्य व्यंजनों में होता है और यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। डॉ. सिंह ने बताया कि जब टमाटर के पौधे 35 से 40 दिन के हो जाएं, तब उनकी रोपाई करना उपयुक्त होता है। जल निकासी की उचित व्यवस्था के लिए खेत में नालियाँ बनाना ड़रूरी है, जिससे अतिरिक्त पानी निकल जाए। खेती के लिए बलुई दोमट मिट्टी को उपयुक्त बताया गया है, जबकि भारी दोमट मिट्टी से बचने की सलाह दी गई है। एक एकड़ क्षेत्र के लिए 150 से 200 ग्राम बीज पर्याप्त होते हैं, जिससे पहले नर्सरी तैयार की जाए और फिर रोपाई की जाए।

## अब ट्रेन में यात्रियों को टिकट जांच कर्मियों से मिलेगी त्वरित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा

**झांसी।** यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, झाँसी मंडल ने एक अनुकरणीय पहल की है। रेलवे बोर्ड से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में, मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिंह के कुशल निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में, अब झाँसी मंडल के प्रत्येक टिकट जांच कर्मचारी (टीटीई) को एक विशेष प्राथमिक उपचार किट प्रदान की गई है। इसका उद्देश्य ट्रेन में यात्रा के दौरान होने वाली सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में यात्रियों को तत्काल और प्रभावी सहायता प्रदान करना है। इस अभिनव कदम के तहत अब यात्रियों को उल्टी, दस्त, हल्का बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, मामूली चोट या एलर्जी जैसी सामान्य समस्याओं के लिए अगले स्टेशन तक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। पहले ऐसी परिस्थितियों में यात्रियों को केवल स्टेशन पर उपलब्ध डॉक्टर की सहायता मिल पाती थी, जिससे न केवल असुविधा होती थी बल्कि ट्रेन की समयपालनता भी प्रभावित होती थी। अब इस नई व्यवस्था के तहत, गाड़ियों में मौजूद ञ्ज्ञश्व स्वयं प्रशिक्षित प्राथमिक उपचार प्रदान कर सकेंगे।

प्रत्येक दवा का उपयोग और प्रयोजन स्पष्ट रूप से उल्लेखित, सिरदर्द, एलर्जी, बॉडी पेन, डायरिया, पेट दर्द, हल्का बुखार एवं सीने में दर्द की दवाएँ, ब्लड प्रेशर जैसी प्राथमिक जटिलताओं हेतु जरूरी दवाएँ, मलहम, पट्टियाँ एवं आवश्यक प्राथमिक उपचार सामग्री।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946